हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–240 : जौनपुर, शुक्रवार 31 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अयोध्या पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह : रामलला के दर्शन के बाद किया चुनावी जनसभा को संबोधित

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में चुनावी माहौल तैयार करना शुरू कर दिया है। धर्मनगरी अयोध्या पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने रामलला का दर्शन पूजन किया और राममंदिर निर्माण कार्य से भी रु–ब–रु हुये, इसके बाद उन्होंने बजरंगबली का आशीर्वाद लिया और श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास से भी मुलाकात की। जिसके बाद जीआईसी मैदान में आयोजित जनसभा में पहुंचते ही भगवान राम का जयकारा लगाते हुये विपक्षियों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार ने मिलकर राममंदिर निर्माण का सपना साकार हुआ तो वहीं पीएम मोदी के नेतृत्व में धारा 370 व ट्रिपल तलाक खत्म हुआ है, जिसे खत्म करने की हिम्मत किसी भी सरकार में नहीं रही है। उन्होंने सपा, बसपा, कांग्रेस पर निशाना साधा है कि आज राममंदिर का निर्माण जोर शोर से चल रहा है, जिसमें दम हो रोककर दिखाये। उन्होंने कहा कि बुआ बबुआ के शासन में आस्था का सम्मान नहीं होता था लेकिन भाजपा की मोदी और योगी सरकार यह गौरव प्रदान कर रही हैं, उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है, वह बुआ, बबुआ और कांग्रेस की सरकार में नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर चुटकी लेते हुये कहा कि आज जब समाजवादी इत्र की दुर्गंध हर तरफ फैल रही है, काले धन वालों के यहाँ




रेड पड़ रही है तो अखिलेश को तकलीफ क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि अखिलेश यादव की दूसरी पीढ़ी भी आई तो भी न धारा 370 हटेगी और न ही ट्रिपल तलाक लागू होगा। उन्होंने जनसभा के दौरान योगी सरकार की उपलब्धियों का भी बखान किया है, उन्होंने कहा कि योगी सरकार में भव्य दीपोत्सव के जरिये अयोध्या को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान मिली है तो वहीं कुंडों का भी जीर्णोद्धार हो रहा है, इसके अलावा अंडरग्राउंड केबलिंग का भी कार्य चल रहा है, जो भविष्य में आम जनमानस के लिये लाभप्रद होगा। गृहमंत्री ने कहा कि आने वाले समय मे अयोध्या ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश को विकास के साथ एक नई पहचान केवल भारतीय जनता पार्टी ही दिला सकती है।

## पीयूष जैन की कार्यवाही पर स्वागत की जगह अगर सपा कुछ बोल रही इसका मतलब दाल में कुछ काला है–केशव प्रसाद मौर्या


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीजेपी जन विश्वास यात्रा में भाग लेने के लिए शुक्रवार को जौनपुर पहुंचे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पुलिस लाइन परिसर में पत्रकरो से बात करते हुए कानपुर के व्यापारी पीयूष जैन की कार्यवाही को सही बताते हुए समाजवादी पार्टी पर हमला बोला कहा कि यदि समाजवादी पार्टी इसका स्वागत की जगह अगर सपा कुछ बोल रहा है तो इसका मतलब दाल में कुछ काला है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सपा अगर छापे की किसी कार्यवाही के लिए अगर एक भी शब्द उनके मुंह से निकला है ये चोर की दाढ़ी का तिनके जैसा है।जांच की एजेंसियां होती है अगर वो कार्यवाही नही करती ये तहखाने में छिपाया गया गरीब कल्याण के 280 करोड़ रुपया कैश कहा से बरामद होता।समाजवादी पार्टी ने अपने कार्यकाल जो भ्रष्टाचार किया है उसका खुलासा हुआ है जो छापे की कार्यवाही चल रही सही है।उस छापे की कार्यवाही को अगर सपा स्वागत करने की



जगह अगर उस पर कोई भी बयान दे रही है तो दाल में कुछ काला है।इससे पूर्व जनपद में भाजपा का तीन दिवसीय जन विश्वास यात्रा में भाग लेने के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का पुलिस लाइन में बीजेपी नेताओं द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। तदुपरांत पुलिस लाइन परिसर में ही गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। इस दौरान उनके साथ बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला भी उपस्थित रहे।

## वाराणसी में न्यू ईयर पार्टी पर कोरोना का ग्रहण : 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर होगी कार्यवाही

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में नए साल के स्वागत को लेकर शहर के होटल, रेस्टोरेंट सज गए हैं। वहीं विभिन्न कॉलोनियों और अपार्टमेंट में भी तैयारी है। हालांकि कोविड प्रोटाकॉल और रात्रि कर्फ्यू का पालन कराने के लिए पुलिस शुक्रवार की देर शाम से ही सड़क पर उतर जाएगी। 11 बजे के बाद सड़कों पर बेवजह दिखने वालों पर भी कार्रवाई होगी। कमिश्नरेट पुलिस ने सभी थाना प्रभारियों को रात दस बजे के बाद डीजे नहीं बजने देने का निर्देश दिया है। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की जाएगी। इसके लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई है। हालांकि शहर के अधिकतर होटलों में म्यूजिक नाइट और कल्चर इवेंट जैसे आयोजन हो रहे हैं। गंगा घाटों और नाव में सवार होकर उस पार जाकर पार्टी करने वालों भी पुलिस विशेष निगरानी रखेगी। सभी नाविकों को रात 11 बजे के बाद नाव नहीं चलाने का आदेश दिया है। यदि नाव संचालन और पार्टी करते हुए कोई मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई तय है। वहीं गंगा घाट किनारे होटल, रेस्टोरेंट में भी रात्रि कर्फ्यू के दौरान जांच की जाएगी। आवासीय परिसरों में भी बंद हो जाएगी 11 बजे तक पार्टी अपार्टमेंट और आवासीय परिसरों में नए साल की खुशियां रात 11 बजे तक ही मना सकते हैं। इसके बाद किसी भी तरह के आयोजन पर रोक रहेगी। पुलिस के अनुसार गली, मोहल्ले और कालोनियों में आतिशबाजी और डीजे बजाने वाले रात दस



बजे के बाद डीजे का संचालन नहीं कर सकेंगे। आतिशबाजी पर भी रोक रहेगी। रात्रि कर्फ्यू के साथ ही कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराया जाएगा। रात 11 बजे के बाद सड़कों पर बेवजह घूमने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं मास्क की चेकिंग भी कराई जाएगी। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की टीमें गठित की गई हैं, जो शहर के भीड़ भाड़ वाले स्थानों, बाजारों और चौराहों पर शाम छह बजे से ही मुस्तैद रहेगी। ब्रेथ एनालाइजर से शराब पीने वालों की चेकिंग कराई जाएगी। होटल और रेस्टोरेंट वालों को भी हिदायत दी गई है कि रात 11 बजे के बाद पार्टी जैसे आयोजन नहीं होने चाहिए। आवासीय परिसर में भी रात 11 बजे के बाद पार्टी पर रोक होगी।

## मृत मां के शव को घर ले जाने के लिए मृतका की बेटी घंटों रही परेशान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद के अमर शहीद उमांनाथ सिंह जिला चिकित्सालय में एक वृद्ध महिला मरीज प्रभावती को सांस की परेशानी के कारण मेडीकल वार्ड में भर्ती कराया गया था जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई जिनके शव को घर ले जाने के लिए मृतका की बेटी सुमन घंटों रही परेशान, मृतका की बेटी व पिता शव को घर तक ले जाने के लिए घंटों दर दर भटकने को हुए मजबूर, जिसके लिए परिजनों ने शव वाहन के लिए अस्पताल में लिखे नम्बर पर कई बार फोन भी लगाया लेकिन ढाक के पात जैसी कहावत सिद्ध होते ही परिवार स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनता को मिलने वाली सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर लगाया लापरवाही का आरोप, जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को कोसते हुए मां के मृत शव को अस्पताल के बाहर लेकर घंटों बैठने को मजबूर हुई एक बेटी, सवाल यह उठता है कि जब उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग में शवों को परिजनों के घर तक पहुंचाने के लिए शव वाहन की व्यवस्था उपलब्ध कराया गया है तो उसके बाद भी इस तरह की बड़ी लापरवाही की ओर जिला प्रशासन की निगाहें क्यों नहीं जाती जो अपने में एक बड़ा सवाल है, क्या जिला अस्पताल में भर्ती मरीज का इलाज के दौरान मौत होने के बाद शव को घर तक ले जाने के लिए परिजनों को दर दर भटकते हुए अपनी आँखों से देखने के बाद ही



जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग के जिला अस्पताल में हो रही लापरवाही पर कार्यवाही करेगा?

बेबस बेटी अपनी मां की मौत के बाद माँ के शव के साथ सर्दी भरी रात अस्पताल के बाहर घंटों पड़ी मरीजों को मिलने वाली सरकारी सुख सुविधाओं की हवा हवाई व्यवस्था को नम आंखों से निहारती रही, इस घटना के सम्बन्ध में जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को रात्रि ही कई बार फोन मिलाया गया, जिसके बाद फोन तो उठा किन्तु स्पष्ट आवाज न आने के कारण सरकार द्वारा प्राप्त शव वाहन सुविधा उपलब्ध न हो सकी, जिसके बाद घंटों इंतजार के बाद बेटी ने अपने गांव फोन कर किसी मदद द्वारा अपनी मृत मां के शव को अपने गांव सुदनीपुर थाना मड़ीयाहू लेकर जा सकी।

## प्री–मीडिया कवरेज प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम हेतु दिनांक 1 जनवरी 2022

डीकेयू ब्यूरो चीफ गोरखपुर राजनारायण ओझा : ''माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी नए वर्ष के शुभ अवसर पर दिनांक 1–जनवरी–2022 को दोपहर 12:00 बजे पीएम–किसान की अगली किस्त जारी करने के साथ "किसान उत्पादक संगठनों" (एफपीओ) को भी सम्भोधित करेगे। जिसका सीधा प्रसारण सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की अधिकृत संस्था सीएससी ई– गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेंटरों के माध्यम से किया जायेगा। बताते चलें कि, सीएससी ई– गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेंटरों के माध्यम से प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजनाओं जिसमे ई–श्रम, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पंजीकरण समेत अन्य सरकारी तथा गैर सरकारी सेवावों को आम जनमानस को डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है।

## व्यापारी संगठनों की मांग को स्वीकार करते हुए जीएसटी परिषद के निर्णय पर कैट ने वित्त मंत्री एवं वाणिज्य मंत्री का आभार जताया

आर एल पाण्डेय लखनऊ। 1 जनवरी 2022 से टेक्सटाइल पर जीएसटी की दर को 5: से बढ़ाकर 12: किए जाने के निर्णय को आज दिल्ली में आयोजित जीएसटी काउंसिल की बैठक में स्थगित किए जाने के निर्णय लेने पर कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रांतीय चेयरमैन संजय गुप्ता ने देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल का आभार जताया व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा कि इस निर्णय से देश के लाखों कपड़ा व्यवसायियों को राहत मिलेगी तथा जनता को भी राहत मिलेगी कैट ने इसी तर्ज पर फुटवियर पर भी कर की वृद्धि को वापस लेने की मांग की व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा कि जीएसटी आज जटिल प्रणाली बनती जा रही है अतः जीएसटी से संबंधित अनेक समस्याओं के समाधान के लिए तथा सरल प्रणाली बनाए जाने के लिए राष्ट्रीय स्तर की टास्क फोर्स का गठन होना चाहिए जिसमें देश के विभिन्न संगठनों के शीर्ष व्यापारी नेताओं को सम्मिलित किया जाना चाहिए।

## सपा एमएलसी शतरुद्र प्रकाश भाजपा में शामिल, बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर लोकार्पण पर की थी तारीफ

लखनऊ ब्यूरो : भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी को झटका दिया है। वाराणसी से सपा के एमएलसी शतरुद्र प्रकाश भाजपा में शामिल हो गए हैं। वाराणसी से सपा एमएलसी शतरुद्र प्रकाश ने बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर लोकार्पण पर भाजपा की तारीफ की थी। तब ही से उनके भाजपा में शामिल होने की चर्चा शुरू हो गई थी। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और लक्ष्मी कांत बाजपेई ने शतरुद्र प्रकाश को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि शतरुद्र प्रकाश का छात्र जीवन बहुत संघर्षों का रहा है। उन्होंने समाज के लिए लड़ते–लड़ते अपना जीवन समर्पित किया है। चाहे लोहिया जी हो, राज नारायण जी हो या मुलायम सिंह यादव हो सभी के साथ इन्होंने संघर्ष किया। 1970 से लेकर अलग–अलग आंदोलनों में इन्होंने बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने कई बार गिरफ्तारियां दी और लेकिन संघर्ष से पीछे नहीं हटे। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि दो बार मंत्री भी रहे हैं। इसके बाद अलग–अलग बोर्ड के अध्यक्ष भी रहे हैं। गंगा की सफाई के लिए अभियान में हिस्सा लिया। शतरुद्र प्रकाश ने काशी कोरिडोर के उद्घाटन और काशी के कायाकल्प से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ली है। इनके जैसा व्यक्तित्व आज भाजपा में ज्वाइन कर रहा है जिससे भाजपा का भी कद बढ़ेगा। आप भाजपा में शामिल होने के लिए बहुत–बहुत धन्यवाद है। भाजपा नेता लक्ष्मी कांत बाजपेई ने कहा कि 20 बार जेल और 30 बार गिरफ्तारियां देने वाले प्रकाश तिहाड़ तक गए। समाजवादी संघर्ष के पुरोधा रहे हैं। समाजवाद का जब मार्ग भटका तो पीएम



मोदी से प्रभावित होकर वो आज भाजपा में शामिल हो रहे हैं, इसके लिए धन्यवाद। वहीं, शतरुद्ध प्रकाश ने कहा कि मैं आभार प्रकट करना चाहूंगा कि आज भाजपा का साधारण सदस्य बन गया हूं। 1963 से लेकर आज तक मैंने गेर कोंग्रेस की राजनीति की है। आज राज नारायण की पुण्यतिथि है। आज भी दो धराएं निकली थी, एक थी भाजपा की और एक सोशलिस्ट आंदोलन की। मुझे आज कहना पड़ रहा है कि सोशलिस्ट आंदोलन अपने पथ से हर गया है। आज काशी विश्वनाथ धाम भारत की अस्मिता के रूप में सामने आया है। वो अकल्पनीय काम है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात ये है कि हमारे प्रदेश में पूर्वांचल की पहचान मफियाओ से होती थी। आज जिलों की पहचान मफियाओं से नहीं हो रही है। इसके लिए पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं और धन्यवाद देता हूं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सामुदायिक केंद्र विनम्र खंड में जरूरतमंद लोगों को कपड़ों का किया गया वितरण


आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति के तत्वाधान में विनम्र खंड जन कल्याण समिति 1,2,3 के सामूहिक सहयोग से महा समिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ला, सी जी नायर, आलोक



, वीके शर्मा, विशंभर पांडे, निर्मला सिंह, रामदयाल मौर्या, नंदकिशोर ,के एस त्रिपाठी, सीएल सिंह, मनोज शुक्ला, अतुल मिश्रा, श्याम, राकेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी गण की गरिमामय उपस्थिति में विनम्र खंड 1 ,2, 3 के पदाधिकारियों के द्वारा सामुदायिक केंद्र विनम्र खंड में जरूरतमंद लोगों को कपड़ों का वितरण किया गया। धर्मेंद्र सोनी वार्ड प्रभारी चिनहट गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति लखनऊ ने उक्त जानकारी दी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्वाचन – 2022 की तैयारियों हेतु की बैठक

जौनपुर सू.वि. : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधानसभा निर्वाचन – 2022 की तैयारियों के संदर्भ में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कहा कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शिता पूर्ण और कोविड–19 प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए संपन्न कराने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली जाए।




सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि युवा मतदाताओ को मतदान में जोड़ने के लिए जागरूक करें। जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप को–ऑर्डिनेटर ऐसे कार्यक्रम कराएं जिससे अधिक से अधिक लोग मतदान करने हेतु प्रेरित हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी अधिकारीगण आयोग के द्वारा दिए गए अद्यतन गाइडलाइन का अध्ययन अवश्य कर लें। निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले की सभी का शत–प्रतिशत कोरोना का टीकाकरण हो जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशा है कि सभी बूथों पर आधारभूत सुविधा उपलब्ध रहें। मॉडल बूथ बनाए जाने के भी निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश सहित अन्य प्रभारी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चुनाव ड्यूटी वाले कर्मियों को भी प्रीकॉशन डोज : कोरोना टीकाकरण को लेकर नई गाइडलाइन जारी

लखनऊ ब्यूरो : किशोरों के कोरोना टीकाकरण और वृद्धजनों, स्वास्थ्य कर्मियों व फ्रंटलाइन वर्कर को प्रीकॉशन डोज को लेकर बृहस्पतिवार शाम नई गाइडलाइन जारी की गई। इसके तहत चुनाव ड्यूटी करने वाले कर्मियों को भी प्रीकॉशन डोज दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि दूसरी खुराक लेने के नौ माह अथवा 39 सप्ताह बाद प्रीकॉशन डोज दी जाएगी। वहीं 60 साल से अधिक उम्र के लोगों के विभिन्न बीमारियों से ग्रसित होने पर ही डॉक्टर की सलाह पर प्रीकॉशन डोज दी जाएगी। इस अभियान की शुरुआत 10 जनवरी से होगी। प्रीकॉशन डोज कोविड पोर्टल पर पूर्व में हुए पंजीकरण के आधार पर दी जाएगी। स्वास्थ्यकर्मियों व फ्रंटलाइन वर्कर को प्रीकॉशन डोज के लिए अपने कार्यस्थल का प्रमाण पत्र देना होगा। प्रीकॉशन डोज को कोविड पोर्टल से जारी होने वाले वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट पर दर्ज किया जाएगा। प्रीकॉशन डोज कैटेगरी वालों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर दूसरी डोज लगने के नौ माह पूरा होने पर मैसेज आएगा। इसके लिए अलग से पंजीयन नहीं कराना होगा। तीन से 15 से 18 वर्ष वालों को टीका प्रदेश में 15 से 18 वर्ष वाले किशोरों का टीकाकरण तीन जनवरी से होगा। जिनका जन्म 2007 से पहले हुआ है, उन्हें कोविन पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन एक जनवरी से शुरू होगा। स्लॉट के अनुसार ही टीकाकरण होगा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

संघर्षो के सायें में, असली आजादी पलती है, और इतिहास उस ओर मुड़ जाती है, जिस ओर जवानी चलती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# पटरी पर लौटती देश की अर्थव्यवस्था

त्योहारों का मौसम हमेशा कुछ ऐसा होता है कि उत्साह और आनंद का माहौल स्वतः ही बन जाता है। लेकिन वर्ष 2020 अलग था, कोविड महामारी के चलते त्योहारों के दौरान उत्साह ठंडा पड़ गया था। वास्तव में, 2020 की दिवाली के समय संक्रमण के मामले बढ़ने, कई जगहों पर तालाबंदी और हर चीज पर प्रतिबंध के चलते कहीं कोई खुशी का माहौल नहीं था। कह सकते हैं कि वर्ष 2020 में त्योहारों का उत्साह बिल्कुल गायब था। लेकिन इस वर्ष सौ करोड़ टीकाकरण और नए कोविड मामलों में कमी के चलते प्रतिबंध कम हो रहे हैं और आर्थिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं।

हमारे त्योहारी मौसम दुकानदारों के लिए खास मायने रखते हैं, क्योंकि इस दौरान आर्थिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं। उत्सव अपने तरीके से आर्थिक उछाल में योगदान करते हैं। वास्तव में असंगठित एवं अर्ध–संगठित क्षेत्र में बड़ी संख्या में काम करने वाले लोगों ने वर्ष 2020 में बहुत कुछ खोया। लेकिन इस साल चीजें उत्साहजनक हैं। सरकार ने भी सरकारी कर्मचारियों के लिए बकाया राशि जारी करके, उनके हाथों में अधिक नकदी डालकर, जिसे खर्च किया जा सकता है, अपना काम किया है। आइए, हम उन घटनाओं को देखें, जो अर्थव्यवस्था में बहुत जरूरी पुनरुद्धार और उत्साह लाएंगे, छोटे उद्यमों के व्यवसाय को फिर से शुरू करेंगे और सकारात्मक बदलाव के लिए माहौल तैयार करेंगे।

शैक्षणिक संस्थानः कोविड के चलते स्कूल और कॉलेज परिसर बंद होने के कारण छात्रों को बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ा। हालांकि ऑनलाइन पढ़ाई शुरू की गई, लेकिन इसकी सीमा थी, जिस कारण बहुत से छात्र इससे वंचित रह गए। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र के लोगों के प्रवासन के कारण बहुत से छात्रों ने पढ़ाई ही छोड़ दी या उन्हें काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। स्कूल और कॉलेज खुलने से उन छात्रों को मदद मिलेगी और शिक्षा से जुड़े क्षेत्रों में भी इसका असर पड़ेगा। किताबें, स्टेशनरी, स्कूल यूनिफॉर्म, ट्यूशन, परिवहन और अन्य संबंधित क्षेत्रों में कारोबार शुरू होने से ये क्षेत्र पटरी पर लौट पाएंगे।

यात्रा और अवकाशः एयरलाइंस और रेल मार्गों ने फिर से परिचालन शुरू कर दिया है और इसी तरह थिएटर, रेस्तरां, मॉल और बाजार भी खुल गए हैं। इन सभी क्षेत्रों में रोजगार का स्तर उच्च है, जो ऐसे व्यवसायों और व्यापार में लगे लोगों के लिए शुभ संकेत है। ट्रैवल एजेंट, मूवी हॉल, मनोरंजन उद्योग, खाद्य और पेय उद्योग, होटल, रेलवे, एयरलाइंस और कई अन्य क्षेत्र परोक्ष रूप से इन क्षेत्रों से जुड़े हैं, जिन्हें इन क्षेत्रों के खुलने से लाभ होगा। पर्यटन क्षेत्र अपनी प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार संभावनाओं के साथ न केवल पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने में मदद करेगा, बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था की संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलेगा।

सवारी और व्यावसायिक वाहनः पेट्रोल–डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के बावजूद अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ कारों की बिक्री धीरे–धीरे बढ़ रही है। बिक्री बढ़ाने के लिए डीलर और कार निर्माता ग्राहकों को काफी छूट और कई लाभ दे रहे हैं। उच्च ईंधन लागत को संबोधित करने के लिए कई ऑटो निर्माताओं ने हरित पहल को समर्थन देने के लिए सरकारी पहल द्वारा समर्थित इलेक्ट्रिक वाहनों में संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी हैं। यह क्षेत्र भी भारी रोजगार पैदा करता है और यह लोगों के लिए अपनी कार्यकुशलता में सुधार करने का साधन है। दक्षता, कम संचालन व रखरखाव लागत के कारण हमारे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का भविष्य सकारात्मक है।

रियल एस्टेट एवं संबंधित क्षेत्रः आर्थिक गतिविधियों में सुधार घर और व्यावसायिक अचल संपत्तियों की खरीद से जुड़ा है। जैसे–जैसे चीजें बेहतर होंगी, वे सभी, जिन्होंने कार्यालय बंद कर दिया था, अपने कार्यालय स्थापित करेंगे और ऐसा ही शहरी क्षेत्रों में प्रवासी आबादी के साथ होता है, जो बेहतर आर्थिक संभावनाओं के लिए शहरों में वापस आते हैं। इससे निर्माण, सीमेंट, टाइल्स, पेंट और सेनेटरी वियर कंपनियों को काफी फायदा होगा। साथ ही, रियल एस्टेट डेवलपर्स, श्रम और सुरक्षाकर्मियों के लिए संभावनाएं बढ़ेंगी।

स्वास्थ्य सेवाः स्वास्थ्य सेवा ही संभवतः ऐसा क्षेत्र था, जिस पर कोविड का सकारात्मक प्रभाव पड़ा, उसमें और बेहतर संभावनाएं दिखाई देंगी, क्योंकि गैर–कोविड नियमित स्वास्थ्य सेवा पुनः पटरी पर लौटेगी। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवा पर कई राज्य और केंद्र सरकार की परियोजनाओं के शुरू होने के साथ दवा और चिकित्सा उपकरण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। इससे डॉक्टरों के साथ–साथ नर्सों, तकनीशियनों और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अन्य रोजगार की संभावनाओं में भी वृद्धि होगी, जो एक सुचारू ढंग से संचालित अस्पताल नेटवर्क के लिए जरूरी है।

वित्तीय सेवाएं : शेयर बाजार बढ़त पर है, और बचत वाले लोग शेयर बाजारों में निवेश कर रहे हैं, विशेष रूप से हाल के महीनों में बाजार में आईपीओ की बाढ़ आ गई है। इस बीच, होम लोन की कम ब्याज दरों के साथ, घर खरीदारों के बीच त्योहारी सीजन में घर खरीदने के लिए कर्ज लेने में दिलचस्पी बढ़ी है। जैसे, कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ 'बाय नाउ पे लेटर' (बीएनपीएल) ट्रेंड लोगों को अभी खरीदारी करने और बाद में अपनी खरीदारी का भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, वित्तीय सेवा उद्योग ने हाल के वर्षों में इससे अधिक आकर्षक ऑफर नहीं देखा है।

कुल मिलाकर, आंकड़े और रुझान अर्थव्यवस्था और लोगों के मिजाज में तेजी का संकेत देते हैं। लोगों को कोविड संबंधी पाबंदियों और निराशा से बाहर आने पर राहत मिली है। त्योहारों के मौसम ने बस खुशियों के लिए जरूरी बहाना और माहौल बना दिया है। कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं जहां अपनी समस्याओं से जूझ रही हैं, वहीं भारत फिर से अपनी बड़ी आबादी का लाभ देख रहा है, जिसमें उन समस्याओं से निपटने के लिए खपत की प्रवृत्ति अंतर्निहित है। उम्मीद की जा रही है कि हम अर्थव्यवस्था और लोगों पर पड़े कोविड की मार से बाहर निकल आए हैं और अब जीवन व आजीविका पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इससे मुक्त हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## ईडिइए के कर्मचारियों का समायोजन को लेकर 26वें दिन भी धरना जारी

आर एल पाण्डेय लखनऊ। ईरीगेशन डिपार्टमेंट इम्पलाइज एसोसिएशन द्वारा 26 वें दिन भी सिंचाई विभाग मुख्यालय पर कर्मचारियों का धरना जारी रहा प्रान्तीय महामंत्री सुरेश त्रिपाठी ने बताया कि हमारा अनिश्चितकालीन धरना जारी है और हमने विभागाध्यक्ष के आश्वासन के कारण अभी तक शांतिपूर्ण तरीके से धरना दिया लेकिन अब आर पार की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है और अब विभागाध्यक्ष हम सब को करो या मरो का निर्णय लेने के लिए मजबूर कर रहे हैं , जिस प्रकार से आश्वासन पर आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन समायोजन के संदर्भ में कोई आदेश नही आ रहा है शर्मनाक विषय है और हम जल्द ही इस विषय को लेकर यदि आवश्यकता पडी तो कर्मचारियों के हित में हर संभव कदम उठाने को तैयार है लेकिन समायोजन की मांग जब तक पूर्ण नही होगी हमारा धरना, प्रदर्शन, घेराव हर सम्भव कदम उठाने को कर्मचारी विवश है इन गरीब कर्मियों के समायोजनध् पुनर्स्थापन के लिए हम आवश्यकता पड़ी तो मरने को भी तैयार है जिसकी जिम्मेदारी विभागाध्यक्ष बी.के.निरंजन महोदय की होगी , और यदि हमारा समायोजन कर देते है तो हमें इस बात पर भी गर्व होगा कि हम गरीबों को न्याय दिलाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों ने हमारा साथ दिया नही तो भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह का सहयोग हमें प्राप्त है हम आर पार की लड़ाई लड़ेगे परिणाम कुछ भी हो किसान मजदूर अब एक मंच पर आ चुके हैं विधिवत लड़ेगे और इतिहास रचकर दिखायेंगे , अब हम सब करो या मरो की स्थिति लाने के निर्णय लेने के लिए विभागाध्यक्ष वी के निरंजन मजबूर कर रहे हैं , इस अवसर पर मुख्य रूप से , भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह , सरदार दिलराज सिंह , नगर अध्यक्ष फहीम सिद्दीकी वरिष्ठ किसान नेता राजकुमार यादव , व किसान नेता राम सागर पासी , व ईरीगेशन डिपार्टमेंट इम्पलाइज यूनियन के प्रान्तीय महामंत्री सुरेश कुमार त्रिपाठी, ओमप्रकाश मिश्र व गणेश सक्सेना , रविन्द्र सिंह पूनम सक्सेना , लालता प्रसाद , रवीन्द्र कुमार जायसवाल आदि बहुत सारे कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

## गन्ना भुगतान को लेकर कांग्रेस ने उठाई आवाज

आर एल पाण्डेय गोण्डा । बजाज चीनी मिल कुंदरखी के गेट पर पिछले कई दिनों से पिछले साल बेंचे गए गन्ने के बकाया भुगतान के लिए आंदोलन कर रहे किसानों के पक्ष में कांग्रेसियों ने आवाज उठाई है। कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को दिए गए अलग अलग ज्ञापनों में जिला प्रशासन से किसानों का बकाया तत्काल दिलाए जाने की मांग की गई है। राजपाल को सम्बोधित पहले ज्ञापन में कांग्रेस के जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे पीसीसी प्रमोद मिश्रा की ओर से कहा गया है कि किसान चीनी मिल के गेट पर सप्ताह भर से धरना दे रहा है लेकिन मिह प्रबंधव की ओर से समस्या के समाधान का कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया और न ही ठंडक में संघर्ष कर रहे आंदोलित किसानों से प्रशासन की ओर से वार्ता की कोई पहल की जा रही है। ज्ञापन में मांग किया गया है कि पिछले वर्ष चीनी मिल द्वारा किया गया बकाया किसानों को ब्याज सहित दिलाया जाए। जबकि जिला अधिकारी को संबोधित दूसरे ज्ञापन दो दर्जन से अधिक कांग्रेसियों ने शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रफीक रहनी व उपाध्यक्ष मोबीन खान के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मांग किया है कि को धरना दे रहे किसानों के पक्ष में पहल करते हुए प्रशासन की ओर से यदि पिछले वर्ष का संपूर्ण बकाया का भुगतान एक सप्ताह के अंदर नहीं कराया गया तो कांग्रेस पार्टी की ओर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में अनीश नाना, हनुमान प्रसाद, इमरान खान जियाउर रहमान, प्रद्युम्न शुक्ल मोहम्मद शरीफ, सैयद अब्दुल मजीद हरिराम वर्मा मुरलीधर पाण्डेय, राम लखन वर्मा, राम श्रृंगार भारती, अनुपम धर द्विवेदी एवं विवेक धर द्विवेदी शामिल थे।

## पचास हजार लोगों की ई–रैली के लिए तैयार है भाजपा : प्रदेश से मंडल तक 11 हजार लोगों की टीम तैनात

लखनऊ ब्यूरो : कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर भाजपा एक समय में पचास हजार लोगों की ई– रैली करने को तैयार है। पहली और दूसरी लहर के दौरान पार्टी वर्चुअल रैली, बैठकें और वेबिनार के आयोजन से वह इस प्लेटफॉर्म की क्षमता भी परख चुकी है। चुनाव के लिए आईटी सेल और सोशल मीडिया के उपयोग के लिए प्रदेश मुख्यालय से लेकर जिलों तक न केवल बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है, बल्कि 11 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं की प्रशिक्षित टीम भी तैयार की है। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के संयोजक कामेश्वर मिश्रा बताते हैं, कोरोना के मद्देनजर पार्टी ने एक बार में पचास हजार लोगों की ई–रैली की तैयारी की है। पार्टी के पास प्रदेश से लेकर जिलों तक वर्चुअल बैठक और मल्टीपल कॉन्फ्रेंस के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार है। सभी जिला कार्यालयों में कॉन्फ्रेंस रूम के साथ डाटा तैयार करने और भेजने की सुविधा है। बैठकों, वेबिनार और ई–रैली के लिए खास सॉफ्टवेयर तैयार कराए गए हैं। कार्यकर्ताओं को इस तरह से प्रशिक्षित किया गया है कि एक संदेश भेजते ही कुछ ही देर में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी, विधायक, सांसद सभी बिना किसी परेशानी के ऑनलाइन जुड़ जाते हैं। आईटी का वॉर रूम तैयार । भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आईटी का वॉर रूम भी तैयार हो गया है। बड़ी संख्या में आईटी एक्सपर्ट वॉर रूम में तैनात किए गए हैं। आईटी के एक्सपर्ट पार्टी के चुनाव प्रबंधन में मदद करने के साथ सोशल मीडिया टीम को भी प्रचार–प्रसार में सहयोग कर रहे हैं। हर मंडल में तीन, विधानसभा क्षेत्र में पांच, जिला स्तर पर तीन सदस्यीय सोशल मीडिया टीम भी तैयार हो चुकी है। प्रदेश कार्यालय में तैयार सोशल मीडिया के वार रूम के जरिये सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर विपक्ष की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ उनका तुरंत पलटवार भी किया जा रहा है। 'भूले तो नहीं' अभियान भी सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अंकित सिंह चंदेल बताते हैं, 'सोच ईमानदार–काम दमदार' अभियान के तहत मोदी–योगी सरकार की उपलब्धियों का सोशल मीडिया पर प्रचार किया जा रहा है। वहीं 'भूले तो नहीं' अभियान के तहत बसपा, सपा शासनकाल में हुए दंगे, भ्रष्टाचार, अराजकता, अपराध की याद दिलाई जा रही है। 'फर्क साफ है' अभियान के जरिये सपा, बसपा सरकार की तुलना में भाजपा सरकार में स्थापित कीर्तिमानों और सुधारों को जनता तक पहुंचाया जा रहा है।

## खेल विश्वविद्यालय का मॉडल तैयार : सलावा झाल बनी पिकनिक स्पॉट

मेरठ ब्यूरो : मेरठ के सलावा में दो जनवरी को खेल विश्वविद्यालय के शिलान्यास के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी 32 राष्ट्रीय, अंतरर्राष्ट्रीय और अर्जुन अवार्डी खिलाड़ियों और उनके परिजनों से संवाद करेंगे। आयोजन के लिए मेरठ से सरधना तक चौराहे सजाए जाएंगे। शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों की प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव गृह ने कहा कि एक जनवरी से सलावा में कोविड जांच की व्यवस्था के लिए कहा गया है। मेरठ के साथ–साथ अन्य जिलों में भी सफाई अभियान चलेगा। डीडीएफ कंसल्टेंट ने खेल विवि का मॉडल भी तैयार कर लिया है। इस मॉडल को शिलान्यास कार्यक्रम में प्रदर्शित किया जाएगा। वहीं समीक्षा के दौरान प्रमुख सचिव खेल कल्पना अवस्थी, कमिश्नर सुरेंद्र सिंह, एडीजी राजीव सब्बरवाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी के.बालाजी, जिलाधिकारी सहारनपुर, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर, एसएसपी प्रभाकर चौधरी, एमडी पीवीवीएनएल अरविंद मलप्पा बंगारी, नगर आयुक्त मनीष बंसल, अपर आयुक्त मेघा रूपम, मुख्य विकास अधिकारी शशांक चौधरी आदि मौजूद रहे। सलावा झाल बनी पिकनिक स्पॉट, नौकायन भी होगा। सलावा झाल को भी पिकनिक स्पॉट की तर्ज पर विकसित कर दिया गया है। सलावा चौकी और गंगनहर के बीच झाल के स्थान पर रंग–बिरंगी इंटरलॉकिंग टाइल्स सहित अन्य कार्यों को जिला पंचायत ने पूरा करा दिया है। गुरुवार शाम कमिश्नर सुरेंद्र सिंह और जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने झाल का निरीक्षण किया। पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस पिकनिक स्पॉट पर पहुंच सकते हैं। हाल ही में टोक्यो में हुए ओलंपिक में बुलंदशहर के अरविंद कुमार ने अपने जोड़ीदार अर्जुन के साथ भारत के लिए पहली बार रोइंग खेल में पदक की उम्मीदें जगाईं थी।



सेमीफाइनल में पहुंचकर भारतीय खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया था। इसी को देखते हुए खेल विश्वविद्यालय के पास सलावा झाल को विकसित किया जा रहा है। जिससे आने वाले समय में रोइंग खेल के प्रशिक्षण के लिए भी विश्वविद्यालय के पास सुविधाओं को विकसित किया जा सके। इस खेल के लिए रुके हुए पानी का होना जरूरी है। एथलेटिक्स के लिए स्टेडियम। खेल विश्वविद्यालय में एक स्टेडियम का निर्माण किया जाना है। डिजाइन में स्टेडियम को दिखाया गया है। ये स्टेडियम खासतौर पर एथलेटिक्स के लिए बनाया गया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास के खिलाड़ियों को देखते हुए एथलेटिक्स में भारत को ओलंपिक स्तर पर पदक दिलाना आसान है। इसके लिए उन्हें ओलंपिक स्तर के ट्रैक, प्रशिक्षक की आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए खेल विश्वविद्यालय में एथलेटिक्स स्टेडियम बनाया गया है।

## सर्दी में पाले से फसल की रक्षा करें किसानः डॉ दीपक कुमार मिश्र

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कृषि विज्ञान केन्द्र हरदोई के वैज्ञानिक डॉ दीपक कुमार मिश्र के अनुसार मौसम का मिजाज बराबर बदल रहा है और बर्फीली हवाओं के साथ पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय से सर्दी के साथ पाला भी पड़ने लगा है। ऐसे मौसम में किसान भाइयों को चाहिये कि फसलों का बेहतर प्रबंधन करें ताकि फसल की उत्पादकता पर अधिक प्रभाव न पड़ सके। उन्होंने कहा कि जब सर्दी चरम पर होती है तो उस वक्त किसानों को अपनी फसलों की बचाने की चिंता होती है। उन्होंने कहा कड़क सर्दी के कारण फसलों पर पाला पड़ने की आशंका बढ़ जाती है। जिसमें रबी की फसलों को काफी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी आलू और अरहर, चना, सरसों, तोरिया, बागवानी फसलें, गेहूं,जौ आदि फसलों को बचाएं। डॉ मिश्र ने बताया कि जब वायुमंडल का तापमान चार डिग्री सेल्सियस से कम तथा शून्य डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो पाला पड़ता है। इससे फसलों को बचाने के लिए 0.1 प्रतिशत गंधक का छिड़काव करें जिससे खेत का तापमान बढ़ जाता है और पाले से होने वाले नुकसान से फसल को बचाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त नर्सरी को पुआल से ढक कर रखें साथ ही खेतों में उत्तर पश्चिम दिशा में वायु रोधक टट्टियां लगाकर शीत लहर की वायु को रोका जा सके। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि जब पाला पड़ने की संभावना हो तो खेत में हल्की सिंचाई कर दें जिससे कि मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है व पाले से फसल की सुरक्षा होती है। तापमान में लगातार गिरावट पाले का सबसे बड़ा संकेत होता है. क्योंकि तापमान में गिरावट आने के बाद पानी की संभावना अधिक बढ़ जाती है और तापमान में



गिरावट के साथ अगर शीत लहर चल रही है तो यह पाला पड़ने का संकेत माना जाता है और इस पाले के कारण खेत में खड़ी किसान भाइयों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाती है. इस पाले से सबसे अधिक नुकसान दलहन की फसलों के साथ–साथ सब्जियों की फसल और सरसों की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान होता है.ऐसे में किसान भाइयों को पाला पड़ने से पहले ही सतर्क रहना चाहिए, और उसका उपाय पहले ही कर लेना चाहिए ताकि उनकी खेत में खड़ी फसल बर्बाद न हो सके। ऐसे करें पाले से अपनी फसलों का बचाव 1.पाले से बचने के लिए खेतों में हल्की सिंचाई करना बहुत ही आवश्यक है. नमी युक्त जमीन है काफी देर तक गर्मी रहती है और भूमि का तापमान कम नहीं होता है। 2. अगर तापमान में लगातार गिरावट है तो रात के समय खेत के चारों तरफ धुंआ करना चाहिए ताकि धुंआ से वातावरण में गर्मी आ जाए। 3. एक एकड़ फसल के लिए 500 ग्राम सल्फर लेकर 200 लीटर पानी के साथ उसका घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करने से पाले से फसल को बचाया जा सकता है। 4. एन पी के (घुलनशील उर्वरक) की एक किलोग्राम मात्रा लेकर 200 लीटर पानी में इसका घोल बनाकर इसका भी छिड़काव करना चाहिए.अब इससे भी पाले से फसल को बचाया जा सकता है।

## 11 महीने पहले भी हुआ था विवाद : दुकान पर चले थे बम

प्रयागराज ब्यूरो : विधायक के बहनोई संदीप उर्फ भोले व उसके भाई पर फायरिंग का आरोप जिस निलंबित सिपाही पर लगा है, उससे उनका 11 महीने पहले भी विवाद हुआ था। तब उनकी दुकान पर बाइक सवार बदमाशों ने बम चलाकर सनसनी फैला दी थी। भुक्तभोगी ने तब भी शक जताया था लेकिन कीडगंज पुलिस ने अज्ञात में हत्या का प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। बाद में दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा। हालांकि यह भी दावा किया था कि मामले में आबकारी सिपाही की संलिप्तता नहीं मिली। विमलेश भुक्तभोगी के मकान के ठीक पीछे किराये पर रहता था। परिजनों का आरोप है कि वह आए दिन दबंगई करता था। भुक्तभोगी संदीप के बेटे स्पर्श ने बताया कि इसी साल 23 जनवरी को भी उसके पिता पर हमला हुआ था। घटना तब हुई थी जब वह दुकान पर ही बैठे थे। इसी दौरान बाइक से पहुंचे हमलावरों ने उन्हें निशाना बनाकर बमबाजी की थी, जिसमें वह बाल–बाल बच गए थे। इस घटना से कुछ दिन पहले ही विमलेश से उसके पिता का विवाद हुआ था। मामले में पुलिस से शिकायत की गई थी। साथ ही शक भी जताया गया था कि इस घटना में विमलेश का ही हाथ है। हालांकि पुलिस ने अज्ञात में हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में विवेचना के बाद पुलिस ने मुकेश व राहुल नाम के दो बदमाशों को जेल भेजा था, जो कीडगंज में किराये पर रहते थे। हालांकि कीडगंज पुलिस का दावा था कि घटना में निलंबित सिपाही की कोई भूमिका नहीं मिली। सहकर्मी से छेड़खानी में हुआ था निलंबित पुलिस सूत्रों का कहना है कि विमलेश मूल रूप से करछना का रहने वाला है। आबकारी विभाग में वह वाराणसी में तैनात था और इसी दौरान उसे महिला सिपाही से छेड़खानी कर दी थी। तब से वह निलंबित चल रहा है। इसके बाद से ही वह कीडगंज में किराये के मकान में रहने लगा था। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह का कहना है कि उसके नाम कोई शस्त्र लाइसेंस नहीं है। ऐसे में माना जा रहा है कि उसने अवैध असलहे से फायरिंग की। घूम–घूमकर करता था गुंडई, पूरे मोहल्ले को करता था परेशान। निलंबित सिपाही की दबंगई से न सिर्फ भुक्तभोगी बल्कि पूरा मोहल्ला परेशान था। घटना के बाद उनका आक्रोश फूटने का एक बड़ा कारण यह भी था। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने पुलिस अफसरों से बताया कि वह घूम–घूम कर मोहल्ले में गुंडई करता था। आए दिन लोगों से मारपीट करता था। भुक्तभोगी संदीप की दुकान के ठीक सामने स्थित मकान में ही वह अपने साथियों संग बैठकर खुलेआम शराब पीता था और देर रात तक गालीगलौज करता रहता था। किसी ने विरोध किया तो मारपीट पर उतारू हो जाता था। इसी बात का संदीप विरोध करते थे, जिस पर वह उनसे रंजिश रखने लगा था। प्रतापगढ़ का है नारायण, रामजी स्थानीय निवासी। दो भाइयों के अलावा वारदात में घायल नारायण मूल रूप से प्रतापगढ़ का रहने वाला है। वह कीडगंज में किराये के कमरे में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है। उधर एक अन्य घायल रामजी कीडगंज का ही रहने वाला है और वह कबाड़ का धंधा करता है। अस्पताल में भर्ती नारायण ने बताया कि वह सामान लेने निकला था जिसके बाद वापस कमरे पर जा रहा था।रामजी ने बताया कि वह दुकान पर बैठा था। तभी अचानक असलहों से लैस दो बदमाश पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों की तस्वीर सीसीटीवी में कैद। परिजनों ने मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों को बताया कि हमलावरों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद है। दरअसल भुक्तभोगी की दुकान पर कुल तीन कैमरे लगे हैं। इन कैमरों में पूरी घटना कैद हो गई है। पुलिस अफसरों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज भी देखा जा रहा है। बेशकीमती मकान पर थी नजर, कब्जा करना चाहता था आरोपी कीडगंज में फायरिंग के आरोपी विमलेश पांडेय की नजर उस बेशकीमती मकान पर थी, जिसके ठीक सामने भुक्तभोगी की दुकान थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वह इस पर कब्जा करना चाहता था। यही वजह थी कि वह यहां रोज अड्डेबाजी करता था। वह लोगों से इसे अपना कार्यालय बताता था लेकिन वास्तव में यहां रोजाना शराब की पार्टी होती थी। कीडगंज में बीच वाली सड़क पर रामजानकी मंदिर के ठीक बगल में यह दो मंजिला मकान स्थित है। इसके ठीक सामने भुक्तभोगी संदीप की दुकान है। यह मकान संदीप के एक रिश्तेदार का है जो सतना में रहते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मकान मालिक ने यहां लाली नाम के एक हेयर कटिंग सैलून चलाने वाले शख्स को कई साल पहले किराये पर रखा था। उसने न सिर्फ यहां कुछ अन्य लोगों को किराये पर रख लिया बल्कि रोजाना निलंबित सिपाही विमलेश को भी बैठाने लगा। आरोप है कि रोजाना यहां भूतल पर बने कमरे में शराब की पार्टी होती है। संदीप के परिजनों का आरोप है कि विमलेश और उसके साथी रोजाना शराब पीने के बाद देर रात तक गालीगलौज करते रहते थे। इसी बात का विरोध संदीप किया करते थे, जिसे लेकर वह उनसे रंजिश रखने लगा था। कीडगंज पुलिस का कहना है कि इस संबंध में फिलहाल कोई शिकायत उन्हें नहीं मिली है।

## युवाओं की दम पर फिर बनेगी भाजपा सरकार–सुब्रत पाठक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : युवा सम्मेलन बाबा मंशानाथ इंटर कॉलेज बिलग्राम में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि कन्नौज के सांसद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश सुब्रत पाठक जी ने कहा इस बार फिर युवाओं की दम पर भाजपा सरकार बनेगी समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा समाजवादी पार्टी नहीं परिवारबाद पार्टी है जिसमें मुख्यमंत्री एक परिवार का होता है और भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं का गुणगान किया कहा किसानों की आय दोगुनी करने के लिए मोदी जी ने किसान सामान्य निधि महिलाओं के लिए निशुल्क गैस सिलेंडर हर घर स्वच्छ भारत के तहत शौचालय निर्माण करने का काम किया प्रधानमंत्री आवास वृद्धा विधवा की पेंशन ध्1000 करने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया। कार्यक्रम में आए विशिष्ट अतिथि शिववीर सिंह भदोरिया कहां जिस तरीके से 2017 में प्रचंड बहुमत की




सरकार बनी थी उसी प्रकार 2022 में युवाओं की दम पर पूरा सरकार बनाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने आए हुए सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया और कहा इस बार जनपद में 8 विधानसभाओं पर कमल खिलाने की युवाओं की जिम्मेदारी है। युवा सम्मेलन में मुख्य रूप से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमन मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधा क्षेत्र नितिन मित्तल बिलग्राम मल्लावां के विधायक आशीष सिंह आशु जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन जिला महामंत्री युवा मोर्चा प्रखर अग्निहोत्री भास्कर मौर्य जिला उपाध्यक्ष अंशुमान कार्तिक तिवारी शिवेंद्र सिंह रजनीश गुप्ता जिला मंत्री मयंक सिंह काव्या राठौर जिला मीडिया प्रभारी अनुज मिश्रा सह मीडिया प्रभारी आयुष सिंह जिला कार्यसमिति सदस्य रविंद्र मिश्र गुड्डन आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# थाना खेतासराय पुलिस ने नाजायज शराब के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोक थाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर के कुशल दिशा निर्देशन व पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय थाना खेतासराय मय हमराह पुलिस बल द्वारा दिनांक 30.12.2021 की सुबह मे देखभाल क्षेत्र व सघन चेकिंग के दौरान मुखबीर खास की सूचना पर गोरारी पुलिया के पास से अभियक्त 1. नन्हे पुत्र सुबराती निवासी ढढवारा खुर्द थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को नाजायज शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 10 लीटर नाजायज शराब बरामद किया गया। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 190/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त। 1. नन्हे पुत्र सुबराती निवासी ढढवारा खुर्द थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 10 लीटर नाजायज शराब। गिरफ्तारी करने




वाली टीम के सदस्य – 1. SO श्रीप्रकाश राय थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 राजेश कुमार मिश्र थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 3. हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 4. कांस्टेबल अखिलेश मौर्य थाना खेतासराय जौनपुर।

# थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा एक तमन्चा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक के द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के सघन अभियान के क्रम मे व श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक के देख रेख मे उ.नि. अखिलेश सिंह यादव मय हमराह का.विपिन कुमार के कल दिनांक 29.12.2021 को देखभाल क्षेत्र व रोकथाम जुर्म जरायम मे मामूर थे कि जरिये मुखबिर खास द्वारा बताया गया कि इस्मैला नहर पुलिया पर एक व्यक्ति अवैध असलहा के साथ बैठा हुआ है ,जिसकी सूचना पर अभियुक्त अमन उपाध्याय उर्फ कल्लू पुत्र स्व.राजकुमार को शाम के करीब 16.55 बजे इस्मैला नहर पुलिया से गिरफ्तार कर विधिक कार्वयाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त। 1. अमन उपाध्याय उर्फ कल्लू पुत्र स्व.राजकुमार नि. लाखापुर थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1. मु.अ.सं.



301/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मछलीशहर,जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. एक तमन्चा मय एक कारतूस। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. उ.नि.श्री अखिलेश सिंह यादव थाना मछलीशहर,जौनपुर। 2. का. विपिन कुमार थाना मछलीशहर,जौनपुर।

## राजेश श्रीवास्तव बने मिशन न्यू इंडिया व नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश महामंत्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नरेंद्र मोदी विचार मंच एवं मिशन न्यू इंडिया की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की दो दिवसीय बैठक लखनऊ में सम्पन्न हुआ। बैठक में जौनपुर के नरेंद्र मोदी विचार मंच के निर्वतमान जिलाध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव को नरेंद्र मोदी विचार मंच एवं मिशन न्यू इंडिया का प्रदेश महामंत्री बनाया गया। साथ ही नरेंद्र मोदी विचार मंच एवं मिशन न्यू इंडिया के जिलाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी जी को मनोनीत किया गया। मनोनयन की जानकारी होने पर लोगों में हर्ष व्याप्त है। वही मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ, संजय पाण्डेय जी ,नरेंद्र मौर्य , विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार , कमलेश कुमार मौर्य ,मनोज कुमार , फूल चंद भारतीय , ओमप्रकाश गुप्ता , कृपा शंकर सिंह ,संदीप कुमार श्रीवास्तव , रवि श्रीवास्तव , संतोष कुमार सोनकर ,अजय कुमार सोनकर अनिल कुमार गुप्ता , रविन्द्र दूबे , कैलाश यादव , विकास वर्मा ,आनन्द जायसवाल , सुरेन्द्र कुमार शुक्ल ,व अन्य लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के घर पहुंचकर बधाई दिया। उक्त आशय की जानकारी नरेंद्र मोदी विचार मंच के आईटी सेल के जिलाअध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा दी गई।

# सोतीगंज के कबाड़ी हाजी गल्ला पर फिर बड़ी कार्रवाई : 15 करोड़ की संपत्ति जब्त

मेरठ ब्यूरो : मेरठ में चोरी और लूट के वाहनों का कटान करने के आरोपी हाजी गल्ला के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की गई है। उसके वेस्टर्न रोड स्थित बंगला नंबर 235 पर बने अवैध गोदाम को एएसपी ने शुक्रवार को सील कर दिया। हाजी गला की पटेल नगर की करोड़ों रुपये की प्रॉपर्टी पहले जब्त की जा चुकी है। सोतीगंज के हाजी गल्ला पर अकूत संपत्ति, पंजाब में 100 करोड़ की प्रॉपर्टी का खुलासा। चोरी व लूट के वाहन काटकर 20 साल में सोतीगंज के हाजी गल्ला ने अकूत संपत्ति अर्जित की। पंजाब में गल्ला की 100 करोड़ की संपत्ति चिह्नित की है, जिसके दस्तावेज भी पुलिस ने जुटा लिए हैं। पुलिस की एक टीम पंजाब रवाना हो गई है। गल्ला की 15 करोड़ की संपत्ति जब्त पहले ही हो चुकी है, अब कैंट वाला गोदाम भी जब्त होगा। बताया जाता है कि सोतीगंज में चोरी की गाड़ियां कटवाने का काम गल्ला ने ही शुरू कराया था। इसके बाद दिल्ली–एनसीआर में उसने अपना नेटवर्क फैलाया। चोरी की गाड़ी के इंजनों की सप्लाई सबसे ज्यादा पंजाब में गल्ला करता था, जहां पर उसने यह संपत्ति अर्जित की। अब गल्ला पांच साल से पंजाब में ही काम कर रहा था। बैंक में सिर्फ तीन लाख, संपत्ति अकूत। पुलिस ने हाजी गल्ला और उसके बेटों के बैंक खातों की जांच की, जिसमें सिर्फ तीन लाख रुपये होने बताए हैं। जबकि गल्ला के पास अकूत संपत्ति है। पुलिस दावा करती है कि गल्ला आयकर से बचने के लिए बैंक से लेन–देन नहीं करता था। वो पैसा अपने घर पर या फिर रिश्तेदारों के यहां रखता था। इसके चलते उसके पास कभी बैंक का नोटिस तक नहीं आया। सोतीगंज में लूट–चोरी के वाहनों का कमेला बंद होने के बाद कुछ कबाड़ी हापुड़, बुलंदशहर और अलीगढ़ और आसपास के अन्य जिलों में बना ठिकाना बना रहे हैं। ऐसी जानकारी पुलिस अधिकारियों को मिल रही है। दूसरे जिलों की पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है। सोतीगंज में चोरी और लूट के वाहनों का कटान बड़े पैमाने पर किया जा रहा था। एसएसपी ने इसी को देखते हुए सोतीगंज बाजार को बंद करने के आदेश दिए थे।सोतीगंज के पुराने गोदामों में रखे पार्ट्स को यहां से कबाड़ी अब दूसरी जगह भेज रहे हैं। पुलिस ऐसे कबाड़ियों पर शिकंजा कसने के लिए सर्विलांस तंत्र का भी सहारा ले रही है। एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने कहा कि पुलिस सोतीगंज पर पूरी निगाह बनाए हुए है। यहां जो कबाड़ी अवैध काम कर रहे थे उन पर शिकंजा कसा जा रहा है। आसपास के जिलों की पुलिस से भी इस संबंध में बातचीत हुई है। जिले की पुलिस भी पूरी सतर्क है।

## मेरठ में ओमिक्रॉन की दस्तक : अफ्रीका से आई महिला में पुष्टि : मचा हड़कंप

मेरठ ब्यूरो : कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन मेरठ पहुंच गया है। दक्षिण पूर्वी अफ्रीका के देश मलावी से आई महिला को गुरुवार की देर रात ओमिक्रॉन की पुष्टि हुई। महिला का होम आइसोलेशन पूरा हो चुका है। वहीं मेरठ में ओमिक्रॉन का पहला केस मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा है। वहीं सिंगापुर से नंगला बट्टू आई 28 साल की महिला समेत कोरोना के 15 नए मरीज मिले हैं। इनमें नौ पुरुष और छह महिलाएं हैं। करीब 50 वर्षीय यह महिला अपनी मां से मिलने के लिए 12 दिसंबर को शास्त्रीनगर आई थी। खांसी–जुकाम होने पर कोरोना जांच के लिए सैंपल दिया था, जिसकी रिपोर्ट 18 दिसंबर को आई, जिसमें कोरोना की पुष्टि हुई। इनका सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए दिल्ली भेजा गया था, जिसकी रिपोर्ट अब आई है। सर्विलांस अधिकारी डॉ. अशोक तलियान ने बताया कि कोरोना की पुष्टि होने पर महिला के परिवार और संपर्क वाले 12 लोगों के सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए थे, जिनकी रिपोर्ट तब निगेटिव आई थी। अब महिला को ओमिक्रॉन की पुष्टि होने पर संपर्क वाले इन लोगों की फिर से कोरोना की जांच कराई जाएगी। एक ही परिवार के छह लोग संक्रमित । कोरोना के गुरुवार को जो 15 नए मरीज मिले हैं उनमें से छह कैंट क्षेत्र के एक ही परिवार हैं। इनके सैंपल जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए दिल्ली भेजे जाएंगे। सक्रिय केस 46 हो गए हैं। इनमें 42 होम आइसोलेशन में हैं, जबकि चार मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। दो संतोष अस्पताल और एक मिलिट्री हॉस्पिटल में है, जबकि एक मरीज मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। नए मरीज कैंट और नंगला बट्टू के अलावा, मलियाना, इस्लामाबाद और मकबरा डिग्गी के रहने वाले हैं। पिछले पांच दिन में ही कोरोना के 43 मरीज मिल चुके हैं।

## पी0ओ0 डूडा ने ई0एस0टी0पी0 के प्रशिक्षणार्थियों में किया ड्रेस का वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी / अध्यक्ष, डूडा जौनपुर महोदय के निर्देशन में दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक ई0एस0टी0एण्ड पी0 के तहत जौनपुर शहर में प्रशिक्षणदायी संस्था–जन कल्याण समिति, जौनपुर द्वारा संचालित



प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया गया तथा में प्रशिक्षणदायी संस्था द्वारा योजनान्तर्गत इलेक्ट्रानिक्स एण्ड हार्डवेयर सेक्टर में प्रशिक्षित किये जा रहे 200 प्रशिक्षणार्थियों को आज दिनांक 30 दिसम्बर 2021 को श्री अनिल कुमार वर्मा, परियोजना अधिकारी डूडा जौनपुर द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को ड्रेस का वितरण किया गया और उन्हें उक्त प्रशिक्षण से होने वाले फायदों तथा प्रशिक्षणोंपरान्त स्व–रोजगार स्थापित करने हेतु डूडा विभाग में संचालित योजनाओं से उन्हें अवगत कराया गया। इस मौके पर शहर मिशन प्रबन्धक जितेन्द्र सिंह, सी0ओ0 संदीप चौधरी, बृजनन्दन स्वरूप, संस्था के संचालक ध्रुव कुमार पाठक, भुवन कुमार एवं उनके अन्य सहयोगी तथा प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाअधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा सीडा में एसी रोडवेज



बसों के ठहराव के सम्बंध में निर्देश दिया गया। एलडीएम द्वारा अवगत कराया गया कि सीडा में एटीएम लगा दिया गया हैं, जिस पर पर अपर जिला अधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि जगह चिन्हित कर एक और एटीएम लगाया जाए। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को लोन आसानी से उपलब्ध हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उद्यमियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के द्वारा उचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश अपरजिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। बैठक में एनएचएआई द्वारा बताया गया कि सड़क निर्माण के समय चौराहे पर लगे विद्युत पोलों को उखाड़ दिया गया था उसकी मरम्मत की जा रही है और पोल पर लगे खराब लाइट को बदला जा रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किराना व्यवसाई गायब पत्नी ने दिया थाने पर तहरीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संदिग्ध परिस्थितियों में किराना व्यवसायी गायब है।खपरहा बाजार के किराना व्यवसायी अखिलेश जायसवाल(48) गुरुवार की रात लगभग 9 बजे रोज की तरह भोजन के बाद घर से बाहर टहलने के लिए निकला।देर तक वापस न आने पर



परिजनों ने फोन किया तो स्विच ऑफ मिला। बाद में सूचना पर 112 नम्बर डायल मौके पर पहुंच योगों से पूछ ताछ किया। रात में ही उसकी पत्नी अनामिका थाने पर अपने पति के अपहरण की आशंका व्यक्त करते हए तहरीर दिया था। शुक्रवार को सबेरे बड़ी संख्या में बाजारवासी थाने पर पहुँचे हैं। इस सम्बंध में एसओ सन्तोष राय ने बताया कि मामले की जाँच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## विभिन्न क्षेत्रों की लगभग 45 आशा बहुओं को एंड्रायड फोन किया गया वितरित

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में विकास खण्ड धर्मापुर, सिकरारा, सिरकोनी, जलालपुर, करंजाकला आदि क्षेत्रों के लगभग 45 आशा बहुओं को एंड्रायड फोन वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आशाओ को स्मार्टफोन के उपयोग से फील्ड में काम करने में काफी सहूलियत



होगी। जनपद में आशा बहुओं के द्वारा सभी प्रकार के कार्यक्रमो में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन के साथ स्मार्ट आशा बने। जिलाधिकारी ने कहा कि तीसरी लहर के मद्देनजर सभी लोग अलर्ट रहें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह को निर्देश दिया कि आशा बहुओ को कोरोना किट उपलब्ध करा दें, जिससे किसी को लक्षण प्रतीत होने पर तत्काल दवा खिलाया जा सके। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी नरेंद्र सिंह, डॉ आर के सिंह, डॉ राजीव यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विधान परिषद की समिति ने पाया जौनपुर एसटीपी व सीवर कार्य में हुआ है करोड़ों का घोटाला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 28 दिसंबर को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की ''निगमों व निकायों मैं व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाए जाने की समिति'' की बैठक समिति के सभापति माननीय विद्यासागर सोनकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें जौनपुर शहर में नमामि गंगे योजना से बन रहे एसटीपी व अमृत योजना से बन रहे सीवर कार्य में व्याप्त बेहद गंभीर तकनीकी व वित्तीय भ्रष्टाचार के विषय पर चर्चा हुई, मालूम हो कि उपरोक्त मामले में समिति की यह तीसरी बैठक थी जिसमें समिति द्वारा अंततः यह पाया गया कि उपरोक्त दोनों कार्यों में शिकायतकर्ता स्वच्छ गोमती अभियान के अध्यक्ष गौतम गुप्ता द्वारा लगाए गए सभी आठ बिंदुओं की शिकायतें सही है और अधिकारियों द्वारा बेहद गंभीर रूप से सभी मानकों को ताक पर रखकर उपरोक्त दोनों प्रोजेक्ट में मनमाने तरीके से ड्राइंग व डिजाइन के विपरीत कार्य किया गया है साथ ही गुणवत्ता हीन सामग्री का प्रयोग किया गया है , इन दोनों प्रोजेक्ट में बेहद गंभीर रूप से आर्थिक घोटाला भी व्याप्त है, बैठक के दौरान समिति द्वारा पूछे जाने पर उत्तर प्रदेश जल निगम अमृत निदेशालय के निदेशक अनुराग यादव व उत्तर प्रदेश नमामि गंगे के सचिव सुशील पटेल समेत समस्त उच्च अधिकारी किसी भी बिंदु पर कोई संतोषजनक उत्तर देने की स्थिति में नहीं रहे, शिकायतकर्ता गौतम गुप्ता द्वारा भी समिति की बैठक में जलनिगम व नमामि गंगे के सभी उच्चाधिकारियों पर गम्भीर आरोप लगाए गए, जिसपर कोई भी अधिकारी जवाब देने की स्थिति में नही था, साथ ही समिति द्वारा उपरोक्त दोनों प्रोजेक्ट से संबंधित डीपीआर के बारे में जानकारी मांगे जाने पर प्रदेश के सभी आला अधिकारी बगले झांकते नजर आए, इस पर समिति ने बेहद गंभीर आपत्ति करते हुए इसे बेहद असंतोषजनक माना और कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि प्रदेश के आला अधिकारियों को ही अपने अति महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के बारे में कोई सम्यक जानकारी नहीं है समिति ने अपनी पिछली बैठक में ही यह निर्णय दिया था कि प्रत्येक दशा में अगली बैठक के पूर्व जिला प्रशासन जौनपुर इस पूरी शिकायत पर अपनी ओर से एक विस्तृत रिपोर्ट विधान परिषद समिति को प्रस्तुत करेगा, जिसके आधार पर प्रथम दृष्टया यह देखा जाएगा कि मामले की असलियत क्या है, बैठक में जिला प्रशासन



जौनपुर द्वारा भेजी गई रिपोर्ट की भी चर्चा की गई जिसमें स्पष्ट रूप से यह बताया गया है कि उपरोक्त दोनों प्रोजेक्ट में बेहद गंभीर रूप से अनियमितताएं व्याप्त है साथ ही रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जल निगम द्वारा लगातार जानबूझकर इस पूरी जांच में असहयोग किया जा रहा है, जो कि बेहद गंभीर विषय है कार्य की गति व गुणवत्ता पर भी रिपोर्ट में बेहद गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं । इस रिपोर्ट को आधार मानकर व उत्तर प्रदेश जल निगम व उत्तर प्रदेश नमामि गंगे के अधिकारियों के द्वारा किसी भी बिंदु पर कोई संतोषजनक जवाब न मिल पाने के कारण समिति ने प्रथम दृष्टया यह निर्णय लिया कि इन दोनों प्रोजेक्ट में बेहद गंभीर रूप से तकनीकी व वित्तीय भ्रष्टाचार किया गया है, प्रदेश के आला अधिकारियों द्वारा अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपने के लिए बार बार 2 माह का समय मांगा जा रहा था जिसपर समिति के सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए सिर्फ एक माह का समय देने की बात कही, समिति ने,उत्तर प्रदेश नगर विकास सचिव व अमृत योजना के निदेशक अनुराग को इस पूरे मामले में अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपने के लिए एक माह का समय दिया है, यह जांच अनुराग यादव के नेतृत्व में प्रदेश की 4 सदस्यीय उच्च स्तर की कमेटी करेगी जिसमे 3 प्रशासनिक अधिकारी व स्वच्छ गोमती अभियान के अध्यक्ष गौतम गुप्ता सदस्य होंगे, इस बीच अनुराग यादव व सुशील पटेल ने समिति को आश्वस्त किया कि सभी दोषी अधिकारी प्रत्येक दशा में कठोर रूप से दण्डित किये जायेंगे, एवम इस जांच समिति के अलावा भी एक छोटी जिला स्तरीय समिति जिसमे जिला प्रशासन, जलनिगम के उच्चाधिकारी, नमामि गंगे के परियोजना प्रबंधक व स्वच्छ गोमती अभियान के अध्यक्ष गौतम गुप्ता होंगे यह समिति शिकायत के सभी बिंदुओं का स्थलीय निरीक्षण करके अपनी रिपोर्ट सौंपेगी समिति को। बैठक में समिति के सदस्य उसब श्री शतरुद्र प्रकाश जी, श्री ध्रुव त्रिपाठी जी, श्री संतोष यादव सनी जी, इंजीनियर अवनीश कुमार जी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे प्रशासनिक रूप से बैठक में उ0प्र0 नगर विकास की ओर से सचिव अनुराग यादव, विशेष सचिव संजय सिंह यादव, जलशक्ति के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव, सचिव सुशील पटेल, स्वच्छ गोमती अभियान के अध्यक्ष गौतम गुप्ता, उपाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव समेत सभी आला अधिकारी मौजूद रहे।

# विगत 8 दिसंबर को हुई बैठक में कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा की मांगों पर आ रहे सार्थक परिणाम

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर डॉ दिनेश शर्मा उपमुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव विगत 8 दिसंबर को हुई बैठक में कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा की मांगों पर सार्थक परिणाम आने लगे हैं। कार्यवृत्त भी जारी हो गया है। मोर्चा के अध्यक्ष वी पी मिश्र, महासचिव शशि कुमार मिश्र एवं अतुल मिश्रा ने निर्णयों का स्वागत करते हुए नवनियुक्त मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा से आग्रह किया है कि निर्णयों का अनुपालन चुनाव आचार संहिता लागू होने से पूर्व करा दें। प्रमुख निर्णय प्रदेश के 25 लाख कर्मचारियों के परिवार को कैशलेस इलाज की सुविधा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित मुख्य सचिव समिति की बैठक करके वेतन समिति की संस्तुतियों पर निर्णय कराकर मंत्री परिषद के समक्ष अनुमोदन हेतु भेजा जाएगा। पुरानी पेंशन बहाली पर भारत सरकार के निर्णय को प्रदेश सरकार भी लागू करेगी फिलहाल एनपीएस में व्यापक सुधार किया जाएगा। सिंचाई विभाग के नलकूप चालक, सीचपाल, सींच पर्यवेक्षक ,जिलेदार ,ट्यूबवेल टेक्नीशियन ,वेटनरी फर्मसिस्ट आदि की सेवा नियमावली पर इसी माह में निर्णय किया जाएगा। रोडवेज कर्मचारियों के 17 फीस दी महंगाई भत्ते के भुगतान का आदेश जारी दिसंबर 2001 तक के दैनिक संविदा कर्मचारियों का विनियमितीकरण करने पर निर्णय प्रक्रिया में जल्द आदेश जारी हो जाएंगे। स्थानीय निकायों ,विकास प्राधिकरण की सेवा नियमावली ,३१ दिसंबर 2001 तक के दैनिक संविदा कर्मचारियों का विनियमितीकरण समवर्गों का पुनर्गठन पर निर्णय के प्रक्रिया पर बैठक हो चुकी है आदेश जल्द जारी किए जा रहे हैं। आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारियों को सेवा से निकाला नहीं जाएगा उसके खाते में ईपीएफ शीघ्र जमा किए जाएंगे सेवा नियमावली की प्रक्रिया कार्मिक विभाग में चल रही है। जो राजकीय निगम कर्मचारियों को वेतनमान एवं महंगाई भत्ता का भुगतान कर सकते हैं वे प्रशासनिक विभाग के माध्यम से प्रस्ताव सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो में भेजें। शीघ्र निर्णय कर दिया जाएगा। फार्मेसिस्ट लैब टेक्नीशियन एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट की वेतन विसंगतियों पर मुख्य सचिव समिति की होने वाली बैठक में निर्णय किया जाएगा। अन्य मांगों पर भी मनोज कुमार सिंह अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से प्रस्ताव भेजे जाएं। केजीएमयू कर्मचारियों के सवर्गों के पुनर्गठन पर आदेश जारी करने की प्रक्रिया में है आदेश जल्द। तदर्थ माध्यमिक शिक्षकों के विनियमितीकरण चिकित्सा सुविधा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर अवकाश नकदीकरण पर प्रशासनिक विभाग प्रस्ताव भेजे तदनुसार निर्णय कर दिया जाएगा। तकनीकी पदों पर चतुर्थ श्रेणी की भर्ती की जाए।

## रिहर्सल करने हेलीकॉक्टर से पहुंचे सुरक्षाकर्मी : चप्पे–चप्पे पर रहेगी पैनी नजर

मुजफ्फरनगर ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो जनवरी को मेरठ के सलावा में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां तेजी के साथ चल रही हैं। कार्यक्रम से पहले शुक्रवार को सुरक्षाकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर रिहर्सल की। यहां हेलीकॉप्टर की लैंडिंग कराकर देखी गई। बताया गया कि खेड़ी राजपूतान के हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतारा गया। इस दौरान आसपास के लोग और सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे। पीएम की सुरक्षा के लिए शहर में पहुंची एसपीजी। पीएम मोदी की सुरक्षा के लिए एसपीजी ने शहर से देहात तक डेरा डाल लिया है। एसपीजी ने हेलीपैड और मंच का भी निरीक्षण किया। कार्यक्रम के लिए पूरे जोन से पुलिसकर्मी बुलाए जाएंगे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए एसपीजी ने दो दिन से मेरठ में डेरा डाला हुआ है। सुरक्षा के सभी इंतजाम देखे जा रहे हैं। इंटेलीजेंस भी पूरी तरह से अलर्ट है। पूरे जोन के पुलिसकर्मी प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात रहेंगे। आज पुलिस के आला अफसर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करेंगे। खेल विश्वविद्यालय का मॉडल तैयार, 32 खिलाड़ियों से संवाद करेंगे पीएम मोदी। सिलावा में दो जनवरी को खेल विश्वविद्यालय के शिलान्यास के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी 32 राष्ट्रीय, अंतरर्राष्ट्रीय और अर्जुन अवार्डी खिलाड़ियों और उनके परिजनों से संवाद करेंगे। आयोजन के लिए मेरठ से सरधना तक चौराहे सजाए जाएंगे। शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों की प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव गृह ने कहा कि एक जनवरी से सलावा में कोविड जांच की व्यवस्था के लिए कहा गया है। मेरठ के साथ–साथ अन्य जिलों में भी सफाई अभियान चलेगा। डीडीएफ कंसल्टेंट ने खेल विवि का मॉडल भी तैयार कर लिया है। इस मॉडल को शिलान्यास कार्यक्रम में प्रदर्शित किया जाएगा। समीक्षा के दौरान प्रमुख सचिव खेल कल्पना अवस्थी, कमिश्नर सुरेंद्र सिंह, एडीजी राजीव सब्बरवाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी के. बालाजी, जिलाधिकारी सहारनपुर, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर, एसएसपी प्रभाकर चौधरी, एमडी पीवीवीएनएल अरविंद मलप्पा बंगारी, नगर आयुक्त मनीष बंसल, अपर आयुक्त मेघा रूपम, मुख्य विकास अधिकारी शशांक चौधरी आदि मौजूद रहे।पीएम से एक दिन पहले मेरठ पहुंच सकते हैं सीएम योगी । मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय के शिलान्यास की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक जनवरी को मेरठ पहुंच सकते हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल एक जनवरी को दोपहर बाद 4.30 बजे मेरठ पहुंचेंगी और कृषि विवि में रात्रि विश्राम करेंगी।

# गृहमंत्री के राम नगरी अयोध्या पर एक दिन पहले देर शाम डीकेयू/एनबीसी चैनल की खास रिपोर्ट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शुक्रवार को राम नगरी अयोध्या आ रहे गृहमंत्री अमित शाह शहर के राजकीय इंटर कालेज में एक विशाल जनसमूह को संबोधित करेंगे।इसी कड़ी में डीकेयू/एनबीसी चैनल ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव अपने सहयोगी जिला संवाददाता डाक्टर अजय तिवारी के साथ देर शाम वहाँ पर मौजूद पदाधिकारियो व अधिकारियों से की गई।इस दौरान उन्होने बताया कि वे अयोध्या में दर्शन पूजन करेंगे, साथ ही जीआईसी के मैदान पर भाजपा की जनसभा को संबोधित करेंगे।इसको लेकर अयोध्या–फैजाबाद में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। रामकथा पार्क पर बनाए गए हैलीपैड स्थल के आसपास अर्धसैनिक बल, पीएसी व पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है।सीओ यातायात राजेश तिवारी ने बताया कि गृहमंत्री के राजकीय इंटर कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान सुबह 8 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक यातायात डायवर्जन लागू किया गया है।यह डायवर्जन आवश्यक सेवाओं पर लागू नहीं होगा। हनुमानगढ़ी परिसर समेत आसपास भी एटीएस समेत पुलिस व पीएसी को तैनात किया गया है।रामकथा पार्क से हनुमानगढ़ी, रामजन्मभूमि व मणिरामदास जी की छावनी जाने वाले रास्ते समेत जीआईसी पर चप्पे–चप्पे पर पुलिस तैनात की गई है।गृहमंत्री के अयोध्या में रहने के दौरान शहर में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।एसपी सिटी विजयपाल सिंह ने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। डीएम कार्यालय के मुताबिक जिले व शहर की शांति व कानून व्यवस्था के लिए एडीएम व एसपी को नोडल अफसर बनाया गया है।फैजाबाद और अयोध्या के साथ तहसीलों





की कमान संबंधित एसडीएम को सौंपी गई है। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बृहस्पतिवार को सभास्थल जीजीआईसी का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को अयोध्या के दौरे पर होंगे। वह यहां दो घंटे 55 मिनट रहेंगे। जारी मिनट–टू–मिनट कार्यक्रम के मुताबिक गृहमंत्री शाह विशेष हेलीकॉप्टर से 10 बजकर पांच मिनट पर अयोध्या स्थित राम कथा पार्क के हैलीपैड पर उतरेंगे।वहां से वह हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंच दर्शन पूजन करेंगे।इसके बाद श्रीराम जन्मभूमि पहुंचकर राम लला के दर्शन करेंगे। यहां से वह मणिराम दासजी की छावनी जाएंगे। यहां लगभग 20 मिनट रहेंगे। फिर रामकथा पार्क से विशेष हेलीकॉप्टर से जीआईसी में रैली को संबोधित करने के लिए निकलेंगे। जनसभा के लिए 50 मिनट का समय आरक्षित है। इसके बाद 15 मिनट का समय भोजन के लिए आरक्षित किया गया है।इसके बाद वह संतकबीरनगर के लिए प्रस्थान करेंगे।शहर के कुछ जगह यातायात डायवर्जन होगा।

# हैदरगंज थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में दो सगे भाइयो की दर्दनाक मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के थाना हैदरगंज क्षेत्र के जाना बाजार में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री सड़क पर गिट्टी ढुलाई कर रहे ट्रैक्टर की चपेट में आने से नाबालिग दो सगे भाइयों की मौत हो गई।इस घटना स्थल पर मौत की सूचना मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया।इसकी जानकारी मिलते ही हैदरगंज थाना सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई करने में जुट गई। ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस अपने कब्जे में ले लिया परंतु चालक फरार होने में कामयाब रहा।घटना थाना क्षेत्र हैदरगंज के रामपुर अहिरौली गांव का है जहां गांव जाने के लिए प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण कार्य हो रहा है। वही सड़क से गुजर रहे बाइक सवार दो सगे भाई सचिन कुमार 19 वर्ष ,रवि कुमार 17 वर्ष पुत्र गण रामचंद्र मिश्रा निवासी ग्राम मऊ बिछिया थाना हैदरगंज जो अपनी बाइक हीरो होंडा स्प्लेंडर नंबर यूपी 42 बी सी 6959 से जा रहे थे। ट्रैक्टर चालक की अनियंत्रित होने की दशा में बाइक सवार उसकी चपेट में आ गए और घटनास्थल पर उनकी मौत हो गई। मृतक के पिता का पहले स्वर्गवास हो चुका है उसकी माता जीवित हैं तथा बड़े भाई संजय का परिवार है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रवासियों का जमावड़ा हो गया और इसकी सूचना पुलिस को और परिजनों को दी गई। परिजन पहुंचकर दहाड़े मारकर रो रहे है तो वही पुलिस अपनी कार्यवाही में जुट गई। थानाध्यक्ष हैदरगंज राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। और आगे की कार्यवाही की जा रही है। घटना कार्य करने वाले ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है।

# नए साल के जश्न का बजरंग दल ने किया विरोध, कहा– युवाओं को गलत रास्ते पर ले जाते हैं ऐसे आयोजन

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में नए साल पर होने वाले जश्न का बजरंग दल ने विरोध जताया है। शहर के होटल और मॉल की दीवारों पर चिपके पोस्टर के जरिये संगठन ने नाराजगी जताई। साथ ही कहा है कि वे लोग शहर में इन जश्न और आयोजनों का कड़ा विरोध करेंगे। बजरंग दल काशी के संयोजक निखिल त्रिपाठी रुद ने कहा कि ऐसे आयोजन देश के युवाओं को गलत रास्ते पर ले जाते हैं। बजरंग दल द्वारा चिपकाए गए पोस्टरों में साफ–साफ लिखा है कि नए वर्ष के आगमन का जश्न मनाना सनातन परंपरा के खिलाफ है। बीते 25 दिसंबर यानि क्रिसमस के दिन भी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चर्च के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ किया था, तो अब नववर्ष का जश्न न मनाने की चेतावनी दी है। नए साल के जश्न पर रहेगा पुलिस का पहरा, सड़कों पर बेवजह दिखने वालों की खैर नहीं । नए साल के स्वागत को लेकर वाराणसी के तमाम होटल और रेस्टोरेंट सज गए हैं। वहीं विभिन्न कॉलोनियों और अपार्टमेंट में भी तैयारी है। हालांकि कोविड प्रोटाकॉल और रात्रि कर्फ्यू का पालन कराने के लिए पुलिस शुक्रवार की देर शाम से ही सड़क पर उतर जाएगी। रात 11 बजे के बाद सड़कों पर बेवजह दिखने वालों पर भी कार्रवाई होगी। कमिश्नरेट पुलिस ने सभी थाना प्रभारियों को रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजने देने का निर्देश दिया है। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की जाएगी। इसके लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई है। हालांकि शहर के अधिकतर होटलों में म्यूजिक नाइट और कल्चर इवेंट जैसे आयोजन हो रहे हैं। गंगा उस पार जाकर पार्टी करने वालों पर विशेष नजर। गंगा घाटों और नाव में सवार होकर गंगा उस पार जाकर पार्टी करने वालों भी पुलिस विशेष निगरानी रखेगी। सभी नाविकों को रात 11 बजे के बाद नाव नहीं चलाने का आदेश दिया है। यदि नाव संचालन और पार्टी करते हुए कोई मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई तय है। वहीं गंगा घाट किनारे होटल, रेस्टोरेंट में भी रात्रि कर्फ्यू के दौरान जांच की जाएगी।

# यूपी चुनाव में ब्राह्मण निभाएंगे खास भूमिका : विपक्ष को करारा जवाब देने के लिए भाजपा ने चली ये चाल

गोरखपुर ब्यूरो : भाजपा की चार सदस्यीय केंद्रीय समिति यूपी के ब्राह्मण मतदाताओं का भरोसा एक बार फिर जीतेगी। समिति का प्रमुख पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री व राज्यसभा सांसद शिव प्रताप शुक्ला को बनाया गया है। समिति के सदस्य जिलों, फिर अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में जाकर ब्राह्मणों के हित वाली उपलब्धियां गिनाएंगे। बताएंगे कि भाजपा के टिकट पर जीतकर 67 ब्राह्मण विधायक विधानसभा लखनऊ पहुंचे हैं। राज्यसभा में ही यूपी कोटे के पांच ब्राह्मण सांसद हैं। लिहाजा, विपक्ष के किसी बहकावे में न आएं। भाजपा में ही ब्राह्मणों का असली हित सुरक्षित है। यूपी भाजपा के ब्राह्मण सांसद व मंत्रियों ने कुछ दिन पहले नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की, फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में जीत की रणनीति बनाई थी। अब भाजपा की राष्ट्रीय इकाई ने चार सदस्यीय समिति बनाकर विपक्ष को करारा जवाब देने का फैसला किया है। गोरखपुर के शिव प्रताप शुक्ला को समिति का अध्यक्ष और नोएडा से भाजपा सांसद डॉ. महेश शर्मा, गुजरात से राज्यसभा सांसद राम भाई और भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री अभिजीत मिश्रा को सदस्य बनाया गया है। इसकी पहली बैठक भी गुरुवार को लखनऊ में हुई है। देर शाम गोरखपुर पहुंचे शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि अब विपक्ष के हर झूठ का करारा जवाब दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली भाजपा सरकार लगातार जनकल्याण का काम कर रही है। निशुल्क राशन वितरित किया जा रहा है। इससे किसी भी जाति–धर्म के लोगों को वंचित नहीं किया जा रहा है। ब्राह्मणों को भी हर लाभ मिल रहा है। सवर्णों को दस फीसदी आरक्षण, भाजपा सरकार ने दिया है। किसान सम्मान निधि का लाभ सबको मिल रही है। आगामी विधानसभा चुनाव नजदीक आया तो सपा, बसपा और कांग्रेस को ब्राह्मण याद आ रहे हैं। विपक्ष के हर झूठ का तथ्यों के साथ जवाब देने का समय आ गया है। जल्द ही विपक्ष का जवाब देने के लिए, हर जिले या फिर हर विधानसभा



क्षेत्र का दौरा किया जाएगा। भाजपा ही सबसे ज्यादा ब्राह्मणों को टिकट देती है। यूपी में ही 67 ब्राह्मण विधायक हैं। ब्राह्मणों का भरोसा जीतने में कामयाब है भाजपा। समिति के प्रमुख शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि 2014, 2019 के लोकसभा, 2017 के विधानसभा चुनाव में ब्राह्मणों का आशीर्वाद भाजपा को मिला था। यही आगे भी होगा। ब्राह्मणों का भरोसा जीतने में भाजपा कामयाब रही है। गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संत हैं। राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए विपक्ष गलत बयानबाजी कर रहा है, लेकिन जनता को सब पता है।

# सियासत की नब्ज पर मतदाता की नजर : गौतमबुद्धनगर गाजियाबाद हापुड़ और बुलंदशहर के मतदाताओं के दिल की बात

गाजियाबाद ब्यूरो : सत्ता के स्वयंवर की तैयारी तेज हो चली है। बरातियों यानी मतदाताओं पर आहिस्ता–आहिस्ता चुनावी रंग चढ़ने लगा है। कैसा रंग–ढंग है इन बरातियों का उससे रूबरू कराने से पहले बात चुनावी समरांगण की। उसके भूगोल और इतिहास की। 2017 की बात करें तो यूपी में पड़ने वाले इन चार जिलों की चुनावी समरभूमि में भगवा ही छाया था। 18 में से 17 सीटों पर भाजपा का परचम फहराया था। बात 2012 की करें तो कहानी इसके बिल्कुल उलट थी। तब दो ही सीट मिली थीं भाजपा को। बसपा को आठ, सपा को चार, कांग्रेस को तीन सीटें मिली थीं, तो रालोद को एक। इस बार चुनाव किसी के लिए भी आसान नहीं है। फिलहाल भाजपा और सपा–रालोद के बीच मुकाबला जोरदार दिख रहा है। बसपा और कांग्रेस भी पूरा जोर लगाए है। दिल्ली से नजदीक होने के कारण आम आदमी पार्टी भी पूरी सक्रियता दिखा रही है। गाजियाबाद : कानून व्यवस्था तो सुधरी अब बात मतदाताओं की। मिजाज की थाह लेने के लिए 'अमर उजाला' की टीम गाजियाबाद से साहिबाबाद, लोनी, मुरादनगर होते हुए मोदीनगर तक पहुंची। पहला पड़ाव आरडीसी रहा। यहां एक चाय की दुकान पर कुछ युवा सियासी चर्चा में मशगूल थे। युवा अधिवक्ता ऋषि कुमार दलील देते हैं– देखिए, प्रदेश में भ्रष्टाचार और अपराधियों पर तो लगाम लगी है, इससे इनकार नहीं कर सकते। पर, यह भी सच है कि किसान आंदोलन को ठीक से हैंडल नहीं किया गया। कानूनों को वापस ही लेना था, तो थोपे ही क्यों गए? इस बीच चर्चा में पेशे से इंजीनियर सुनील कुमार भी शामिल हो गए। कुल्हड़ में चाय की चुस्की लेते हुए बोले, भाई किसानों का मुद्दा एक फैक्टर हो सकता है, लेकिन कानून–व्यवस्था को भी तो देखो। सपा सरकार से तो बेहतर है। तभी बीच में नीरज कूद पड़े और महंगाई का सवाल उछाल दिया। इंजीनियर सुनील ने कहा कि महंगाई तो थोड़ी–थोड़ी ही ऊपर चढ़ रही है। 2014 में यूपीए सरकार के कार्यकाल में भी 74 रुपये प्रति लीटर पेट्रोल मिल रहा था। महंगाई और छुट्टा पशुओं से परेशानी विजयनगर सेक्टर–9 में थाने की बगल वाली रोड पर चाय की दुकान पर भी कुछ लोग चर्चा में मशगूल मिले। सुदीप साहू कह रहे थे कि हम शहरों में भले रहे हों, लेकिन ज्यादातर का ताल्लुक गांवों से है। किसान आंदोलन, महंगाई और छुट्टा पशुओं से खेती को नुकसान इस बार मुद्दा बनेगा। मवई के रहने वाले सुरेंद्र ने उनकी बात को काटते हुए कहा, महंगाई प्रदेश सरकार के हाथ में थोड़े ही है। सड़कें देखो, पहले से अच्छी हुई हैं। विजयनगर में 20 साल से जिस धोबीघाट पर आरओबी की मांग हो रही थी, वह भी पूरी होने ही वाली है। बेरोजगारी को लेकर नाराजगी साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में हम वसुंधरा सेक्टर–9 पहुंचे। यहां हमें कोरोना में नौकरी छूटने से बेरोजगार हुए मिट्ठू कुमार मिले। चर्चा छिड़ते ही रोजगार के सवाल हो लेकर उनकी नाराजगी सतह पर आने लगती है। वह कहते हैं, दो करोड़ नौकरी हर साल देने का वादा जुमला निकला। 12 साल की नौकरी अचानक कंपनी बंद होने की वजह से चली गई। वहीं, पास खड़े वाणी सिंह महंगाई को लेकर सवाल उठाते हैं। कड़कड़ मॉडल के अर्जुन टेबल पर चाय का कप रखकर कहते हैं, कोरोना ने निसंदेह प्रवासियों को बेहद खराब दिन दिखाए। वह इस दौरान के हालात बताते हुए सरकार के कामकाज पर सवाल उठाते हैं। लोनी नहीं बनी लंदन लोनी में मुस्लिम और गुर्जर वोट निर्णायक माने जाते हैं। सपा, बसपा और कांग्रेस में मुस्लिम वोटों को लेकर खींचतान है। तीनों दलों में टिकट के लिए मुस्लिम दावेदारों की लंबी लाइन है। बहरहाल, लोनी तिराहा के पास रेडीमेड गारमेंट की दुकान पर मिले जय किशोर लोहरा बताते हैं विधानसभा क्षेत्र में ज्यादा विकास कार्य तो नहीं हुए हैं, फिर भी मुकाबला भाजपा और गठबंधन के प्रत्याशियों में ही रहेगा। तभी दुकानदार राकेश बोले, भाजपा ने लोनी को लंदन बनाने का सपना दिखाया था, लेकिन एक भी समस्या को खत्म नहीं कर पाई। कांग्रेस नेता सचिन पायलट के ननसाल गांव सकलपुरा में बैठे ग्रामीणों के बीच भी चर्चा चुनाव की ही चल रही थी। स्थानीय निवासी रविंद्र कसाना कहते हैं, भाई सरकार ने वादे तो बहुत किए, पर खेती–किसानी के लिए कुछ नहीं किया। जीत कुमार, अनिल कुमार, राजू और यशपाल भी कुछ ऐसा ही मानते हैं। पर, उन्हें उम्मीद है कि हिंदुत्व के आधार पर भाजपा सत्ता में वापसी कर सकती है। मुफ्त राशन, दवा, पीएम आवास का भी असर मुरादनगर में रेलवे रोड पर चाय की चुस्कियां लेते मिले मुकेश शर्मा प्रदेश सरकार के कामकाज से खुश नजर आए। वह कहते हैं, योगी की सरकार ने बहुत विकास कार्य किए। जाम की समस्या खत्म कर दी। एक्सप्रेसवे बन गए। गुंडागर्दी कम होगई है। कुलदीप उर्फ बिट्टू भी हां में हां मिलाते हुए कहते हैं कि गरीबों–मजदूरों को मुफ्त राशन और इलाज भी तो दिया है सरकार ने। कोरोना में लोगों के रोजगार तो छूटे, लेकिन खाली पेट कोई नहीं रहा। ब्रजेश, हरज्ञान उन्हें याद दिलाते हैं, गरीबों के मकान भी तो बनवा दिए, यह काहे भूल रहे हो। ढाई–ढाई लाख रुपये दिए मकान बनाने के लिए। दुकान पर शेरदीन और इरशाद भी मैदान में उतर आए। वे कहते हैं, सपा–रालोद गठबंधन और भाजपा में कांटे की टक्कर होगी। मामला एकतरफा कतई नहीं है। कोई तारीफ कर रहा, तो गन्ने के बकाये का उठा रहा मसला अंतिम पड़ाव मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र रहा। मोदीनगर रेलवे स्टेशन के पास एक ट्रैवल्स एजेंसी के बाहर लोग बैठे मिले। चुनावी चर्चा छिड़ते ही दीपक गेरा और अभयराम केंद्र व राज्य सरकार के कामों की तारीफ में जुट जाते हैं। तभी भोला, अजीत पाल और श्याम लाल ने बेरोजगारी और महंगाई का सवाल उठा दिया। कुलदीप भी बोल पड़े, मोदी शुगर मिल पर किसानों का 250 करोड़ रुपये गन्ने का बकाया है। इसको लेकर किसानों में नाराजगी है। मोदीनगर के ही रहने वाले अजय और राजू मानते हैं कि टक्कर भाजपा और गठबंधन प्रत्याशी में ही होगी। बुलंदशहर : गठबंधन ने बदले समीकरण बुलंदशहर जिले में सात विधानसभा सीटें हैं। बुलंदशहर सदर सीट का मिजाज जानने के लिए हम डीएम रोड की तरफ बढ़े। यहां मिले पूनम यादव और धर्मराज सिंह बताते हैं कि इस बार माहौल कुछ बदला–बदला नजर आ रहा है। रजत और सुनीता ने भी उनकी हां में हां मिलाई। उन्होंने कहा, इस बार भाजपा के लिए मुश्किलें तो बढ़ी ही हैं। सपा–रालोद गठबंधन होने से समीकरण बदले हैं। बसपा की भी स्थिति पहले से बेहतर है। कांग्रेस की बढ़ी सक्रियता पर भी नजर शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के मोहल्ला कोट शेरखां निवासी ललित शर्मा विधायक के कामकाज पर थोड़ा नाखुश दिखे। वहीं, रघुराज सिंह, हरद्वारी लाल, पप्पू सैनी कहते हैं, यह सच है कि मुफ्त राशन, गरीबों को शौचालय और मुफ्त इलाज की योजना का लाभ लोगों को बिना भेदभाव के मिला है। हालांकि, वे यह भी कहते हैं, कांग्रेस के नेता अपना संकल्प पत्र गांव–गांव सुना रहे हैं। महिलाओं में इसका असर भी दिख रहा है। प्रियंका गांधी के बुलंदशहर में सम्मेलन करने के बाद कांग्रेसियों की सक्रियता बढ़ी है। विधायक से नाराजगी का भी असर सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास कबाड़ी की दुकान पर लोग जमा थे। माहौल जानने के लिए हम भी वहां पहुंच गए। हाजी नवाब और हाजी शरीफ कुरैशी कहते हैं, विधायक के खिलाफ नाराजगी सरकार के कामों पर भारी पड़ रही है। अजीज कुरैशी और मोहम्मद असलम किसान आंदोलन और सरकार के रुख पर सवाल उठाते हुए कहते हैं, इस बार मुस्लिम वोट बंटेगा नहीं। उसके साथ ही जाएगा जो भाजपा को हराएगा। विजय और राघव का मानना था कि महंगाई और बेरोजगारी सरकार के काम पर भारी पड़ रही है। हालांकि, वे यह भी जोड़ते हैं वोट डालते समय लोग महंगाई जैसे मुद्दों को भूल जाते हैं। बदला–बदला सा है माहौल पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के गढ़ डिबाई में अनाज मंडी में हमें मिले रमेश प्रधान और यतीश चंद्र बताते हैं, इस बार माहौल बदला–बदला है। ऐसे में कौन जीतेगा, इसका आकलन आसान नहीं है। सुरेश चंद्र तायल, विमल शर्मा, विटोन वार्ष्णेय, सुरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि किसान इस बार बड़ा मुद्दा हैं। हालांकि, रमेश और सुरेश का कहना था कि कानपुर में नोटों का खजाना पकड़े जाने के बाद माहौल बदल रहा है। कांटे की टक्कर के आसार अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र के कलां बाजार में गारमेंट्स की दुकान पर अतुल शर्मा, डॉ. रमेश चंद शर्मा, सौरभ वार्ष्णेय और विकास गर्ग मिले। वे कहते हैं, योजनाओं से गरीबों को फायदा पहुंचा है। गरीबों को मुफ्त राशन मिला। प्रमोद गर्ग, चंद्रपाल प्रजापति, संजय वार्ष्णेय और लक्ष्मण शर्मा भी उनकी हां में हां मिलाते रहे। मुकाबला किसके बीच होगा, इस सवाल पर वे कहते हैं, इस बार चुनाव एकतरफा नहीं होगा। सरकार के कामकाज को तौल रहे लोग खुर्जा में एक चाय की दुकान पर मिले नंदकिशोर और प्रिंस इस बात से खुश नजर आए कि पॉटरी उद्योग को 'एक जिला, एक उत्पाद' योजना में शामिल किया गया है। जेवर एयरपोर्ट के बनने से भी क्षेत्र में विकास होगा। पर, नईमुद्दीन अहमद, महावीर सैनी और रहमान ठाकुर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हैं। वे कहते हैं, सपा और भाजपा के कार्यकाल की तुलना होगी। मुकाबला इन दोनों में ही रहने वाला है। हालांकि, बसपा भी यहां मजबूत है। वहीं, स्याना के प्रकाश मार्केट में मिले विकास बंसल और दिनेश कुमार बताते हैं कि फल पट्टी के किसानों को उचित दाम नहीं मिले। तेजेंद्र सिंह और कृष्ण कुमार जीएसटी से कारोबार पर पड़ रहे असर को लेकर सवाल उठाते हैं। दीपक गोयल, अनिल कुमार, जीवेश का कहना था कि सरकार ने व्यापारी वर्ग को छोड़कर सबको लाभ पहुंचाया है। गौतमबुद्धनगर कोरोना काल के कामकाज को भी परख रहे लोग नोएडा के व्यावसायिक क्षेत्र में दुकान चलाने वाले बबलू शर्मा राजनीति में दिलचस्पी रखते हैं। बबलू कहते हैं, व्यवसायियों में सुरक्षा की भावना बढ़ीहै। कोरोना संक्रमण काल में भी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जिस तरह लोगों की मदद की, वह काबिल–ए–तारीफ है। एक नामचीन कंपनी के पास चाय की दुकान चलाने वाले रविंद्र कुमार शुक्ला भी कुछ इसी तरह की दलीलें देते हैं। अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के अध्यक्ष व उद्यमी ललित ठुकराल कहते हैं कि नोएडा का खूब विकास हुआ है। वादे कितने पूरे हुए, इसका भी आकलन कर रहे लोग गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के अनावरण के दौरान हुए विवाद की वजह से चर्चाओं में आई दादरी विधानसभा सीट पर चुनावी माहौल गर्म है। दादरी में मिले स्थानीय निवासी सुरेंद्र भाटी नेताओं के वादों को पूरा नहीं करने से नाराज हैं। रामसिंह का कहना था कि स्थानीय युवाओं को कंपनियों में रोजगार नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्हें रोकते हुए नरेंद्र सिंह बोल पड़े कि किसानों की स्थानीय मांगें भी प्रशासन नहीं पूरी कर रहा है। जेवर एयरपोर्ट को लेकर दिलचस्पी बीते दिनों सबसे बड़े एयरपोर्ट का शिलान्यास कार्यक्रम की वजह से चर्चाओं में रहे जेवर विधानसभा क्षेत्र में भी चुनाव में वोटरों की दिलचस्पी बढ़ने लगी है। यहां मिले जुगेंद्र सिंह छौकर सरकार की मजबूत पैरवी करते नजर आए। छौकर कहते हैं भ्रष्टाचार और अपराध पर लगाम लगी है। अभी छौकर बोल ही रहे थे कि विनोद चौधरी भी सरकार की उपलब्धियां गिनाने लगे। वह कहते हैं, पांच साल में जेवर के साथ–साथ पूरे प्रदेश में विकास के काम हुए हैं। नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन औरंगजेब अली उनसे नाइत्तफाकी जताते हैं। वे कहते हैं, पांच साल में न तो वादे के मुताबिक रोजगार मिला और न भ्रष्टाचार खत्म हुआ। महंगाई की मार अलग से परेशान कर रही है। हापुड़ : महंगाई, किसानों के मुद्दों पर मुखर हैं लोग हापुड़ विधानसभा क्षेत्र के व्यापारी नेता टुक्कीराम गर्ग कहते हैं, व्यापारियों के साथ आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। कई महत्वपूर्ण मामलों के खुलासे अटके हैं। धनौरा निवासी किसान सतवीर त्यागी का कहना है कि वादे के अनुसार गन्ना के बकाये का भुगतान नहीं किया। मोहल्ला शिवपुरी निवासी विकास गर्ग कहते हैं, लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया नहीं हो रही हैं। अस्पतालों में बेहतर सुविधा मिले तो कुछ हालात सुधरें। गांव असौड़ा के फुरकान कहते हैं, वोट उसे करेंगे जो रोजगार की बात करेगा और क्षेत्र के विकास की बात करेगा। जिला बनने के बाद भी हापुड़ तरक्की की दौड़ में पीछे है। कानून–व्यवस्था से भी हो रहा आकलन गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र के गांव बदरखा के किसान सुभाष कहते हैं, विकास तो हुआ है, लेकिन आम लोगों के हितों का ध्यान नहीं रखा गया। गढ़ के संजय चौहान का कहना है कि गन्ना का बकाया भुगतान अटका पड़ा है। ब्रजघाट का विकास भी नहीं हो पाया। रसूलपुर के जतिन खाद की किल्लत से परेशान नजर आए। उनका कहना था कि किसान आंदोलन का असर चुनाव पर दिखेगा। हालांकि, वह यह भी कहते हैं कि कानून–व्यवस्था में सुधार हुआ है। वहीं, 2017 की लहर में भी भाजपा धौलाना में हार गई थी। सपनावत गांव में हमें मिले विजय सिंह चुनावी चर्चा छिड़ते ही धौलाना रोड के गड्ढों का सवाल उठा देते हैं। वहीं पिलखुवा के मंडी निवासी दिनेश गर्ग कहते हैं कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। कपड़ों पर जीएसटी से कारोबार चौपट हो गया।

# समाजसेवी बसंत राम को मिला सोशल वेलफेयर अवार्ड सम्मान

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) समाजसेवा कार्य के लिए बसंत राम संरक्षक मां शांति सेवा फाउंडेशन एवं अध्यक्ष कर्मचारी परिषद साकेत महाविद्यालय को अयोध्या महोत्सव 2022 समारोह में सोशल वेलफेयर अवार्ड सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया



समारोह के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. विजय कुमार, प्राचार्य, राजर्षी दशरथ मेडिकल कॉलेज, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर रमापति मिश्रा डायरेक्टर आईआईटी डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने समाज सेवा कार्य के लिए बसंत राम को सम्मानित कर संस्था टीम को सम्मान एवं बधाई दी बसंत राम ने बताया समाज सेवा से आत्म संतुष्टि और समाज में भाईचारा बनी रहती है अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी, सदस्य विनय प्रकाश मौर्य, श्रीमती प्रतिमा कुमारी, शिव शंकर ,श्रीमती सुषमा गौतम, अमित कुमार, श्रीमती आरती देवी, सूरज चौधरी रहे।

# फ्रेट कॉरिडोर निर्माण की गति पड़ी सुस्त : रिहायशी क्वार्टर हटाने में देरी

सहारनपुर ब्यूरो : सहारनपुर शहरी क्षेत्र में रेल यार्ड और आवासीय कॉलोनी मार्ग में आने से ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट रेल कॉरिडोर (डीएफसी) का निर्माण सुस्त गति से चल रहा है। जिले में मिट्टी और पुलों का निर्माण करीब 65 फीसदी पूरा हो गया है। रेलवे लाइन और स्टेशन के बराबर में अधिकांश मिट्टी भराव का कार्य पूरा हो गया है। अंग्रेजी हुकूमत के दौर से शहर में स्टेशन के पास रेलवे कॉलोनी और यार्ड बने हैं। परंतु डीएफसी के प्रस्तावित नक्शे में शहर के पांच किलोमीटर के दायरे में रेल यार्ड, एक पुल और कुछ आवासीय हिस्सा आ रहा है। खास बात है सहारनपुर से होकर साहनेवाल (पंजाब) तक गुजरने वाले प्रोजेक्ट को लेकर शहरी क्षेत्र में लाइन बिछाने के कार्य में ये बड़ी अड़चन है। पुरानी कॉलोनी के क्वार्टर और अन्य पक्के आवासीय निर्माण को हटाने में वक्त लग रहा है। खान आलमपुरा यार्ड लाइन के बीच में आ गया है, जो अभी तक नहीं हट सका। वहीं निर्माण एजेंसी मिट्टी कार्य पूरा करने के बाद रेलवे ट्रैक बिछाने की तैयारी में है। भूमि अधिग्रहण का मुआवजा दिए जाने के बावजूद कुछ स्थानीय लोगों द्वारा अतिरिक्त रुपये की मांग बाधा बनी है। 126 में 90 पुलों का निर्माण पूरा। देवबंद क्षेत्र के रणखंडी से पिलखनी तक जिले में रेल प्रोजेक्ट का कार्य चल रहा है। प्रस्तावित बड़े 19 पुलों में 12 का निर्माण पूरा हो गया है। छह पर कार्य चल रहा है और एक पुल एनओसी की वजह से अधर में है। वहीं कुल 106 माइनर पुलों में 77 पुल तैयार हैं और 23 निर्माणाधीन हैं। इनमें छह पुलों की संबंधित विभाग से एनओसी प्रक्रिया पूरी नहीं होने से कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। न्यू सहारनपुर स्टेशन का निर्माण होगा। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में सहारनपुर रेलवे स्टेशन से एक किलोमीटर दूर न्यू सहारनपुर स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा। जहां मालगाड़ियों में उत्पादों की लोडिंग, अनलोडिंग का कार्य होगा। लॉजिस्टिक हब पर अभी निर्णय बाकी। ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की लंबाई करीब 1856 किलोमीटर है, जो पश्चिम बंगाल के धनकुनी से पंजाब के साहनेवाल तक बनाया जा रहा है। इसका निर्माण 2022 तक पूरा होना है। खुर्जा के लॉजिस्टिक हब के बाद अंबाला में ही लॉजिस्टिक हब है। एक लॉजिस्टिक हब सहारनपुर या मुजफ्फरनगर में बनना है, लेकिन इसका स्थान अभी तय नहीं हुआ है। हालांकि केंद्रीय पशुधन राज्यमंत्री एवं मुजफ्फरनगर के सांसद संजीव बालियान का कहना है कि फ्रेट कॉरिडोर में मुजफ्फरनगर में भी लॉजिस्टिक हब (लोडिंग अनलोडिंग) बनेगा। इसके लिए उनकी रेल मंत्री और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (डीएफसीसीआईएल) के जीएम के साथ पूर्व में हुई बातचीत में सहमति हो चुकी है। कार्यदायी कंपनी एलएंडटी के प्रोजेक्ट अधिकारी डॉ. रमन चौधरी ने बताया सहारनपुर में मिट्टी का कार्य 65 से 70 प्रतिशत पूरा हो गया है। पुलों का ज्यादातर कार्य पूरा हो गया है। सहारनपुर स्टेशन के पास रेल लाइन के बराबर में पुराने निर्माण, यार्ड और पुल को लेकर कुछ समस्या है। कंपनी सभी उलझनों को जल्द खत्म कराकर समय से प्रोजेक्ट पूरा कराने को प्रयासरत है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।